卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंध्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 47 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦24 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

KJ KUMAON JEWELLERS
TRUSTED TRADE
50% Off On Making Charges
100% Hallmarked HUID Jewellery Showroom
Bhotia Parao, Near Taxi Stand Nainital Road, Haldwani
Unchapul, Near Devashray Colony, Haldwani
Opp. P.A.C. Gate No. 2 Near ICICI Bank Rudrapur (U.S Nagar) Uttarakhand
Near Soban Singh Jeena Base Hospita, Haldwani Uttaranchal Trade Centre, Tikonia, Haldwani
Ph.: 9759290502, 8791172502
E-mail.: verma.sanjeev9759@gmail.com


GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सुरंग से मजदूरों को निकालने का अभियान एक बार फिर तेज

उत्तरकाशी (उद संवाददाता)। सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों की जिंदगी बचाने के लिए बचाव अभियान एक बार फिर तेज हो गया है। आज एक बार फिर उम्मीद बनी है कि सुरंग में फंसे श्रमिकों को जल्द ही सकुशल बाहर निकाला जाएगा। सिलक्यारा सुरंग में अमेरिकी ऑगर ड्रिलिंग मशीन ने एक बार फिर से काम शुरू कर दिया है। गुरुवार सुबह से अवरोधक आने और मशीन खराब होने से ड्रिलिंग का काम बंद था। अब लगभग 10 मीटर पाइप और ड्रिल किया जाना शेष है। वहीं एसजेवीएन लमिटेड के अधिकारी वर्टिकल ड्रिलिंग के बैकअप प्लान के लिए मुस्तैद हैं। कंपनी के महाप्रबंधक जसवंत कपूर ने मशीन पाइप ड्रिल को पहाड़ी पर पहुंचाने के लिए क्लियरेंस मांग ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक बार फिर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर बात की। पीएम मोदी ने रेस्क्यू ऑपरेशन के बारे में ली जानकारी। पीएम ने टनल के अंदर फंसे मजदूरों का हाल और उन्हें दिए जाने वाले भोजन और रोजमर्रा की चीजों के बारे में भी जानकारी ली। बचाव पर पीएमओ के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे ने कहा कि अभी स्थिति काफी ठीक है। कल रात (शेष पृष्ठ सात पर)



## पाल परिवार को एक और लगा आघात, महेश पाल का निधन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश का प्रतिष्ठित औद्योगिक पाल परिवार अभी परिवार के वरिष्ठ सदस्य रमेश पाल के निधन से अपने आंसू पूरी तरह से पोंछ भी नहीं पाया था कि आज परिवार को एक और बड़ा आघात लग गया। प्रमुख उद्योगपति और बरेली रोड़ स्थित पाल स्टोन क्रेशर, पाल एलॉय के मालिक महेश पाल का लगभग 67 साल की उम्र में लम्बी बीमारी के बाद आज शुक्रवार सुबह दिल्ली के एक निजी अस्पताल में उनका निधन हो गया। बताया जा रहा है की महेश पाल पिछले 5 ख्र 6 सालों से कैंसर रोग से पीड़ित थे। हल्द्वानी के बृज बिहार निवासी महेश पाल का जन्म 8 अगस्त 1956 को हल्द्वानी शहर में हुआ था। वह पाल परिवार के सात भाइयों में तीसरे नंबर के भाई थे। वह अपने पीछे तीन बेटों और पत्नी को छोड़कर चले गए। उनके निधन की खबर सुनते ही पाल ग्रुप सहित शहर के व्यवसायियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। अभी कुछ दिन पहले ही पाल परिवार के प्रमुख स्तम्भ रमेश पाल (शेष पृष्ठ सात पर)



## चाकू की नोक पर आईफोन और हजारों की नगदी लूटी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाइक सवार बदमाशों ने राह चलते स्कूटी सवार को रोक लिया और चाकू की नोक पर आईफोन और साढ़े बारह बजे की नजदगी लूटकर फरार हो गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर ली है। ग्राम महाराजपुर किच्छा निवासी अनुराग चौरसिया पुत्र दिनेश चौरसिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह विगत सांय साढ़े सात बजे स्कूटी पर सवार होकर गंगापुर रोड से घर की ओर जा (शेष पृष्ठ सात पर)

भारत पैथ लैब
20, कल्याणी व्यू, केशव मार्ग, श्याम टॉकीज रोड,रूद्रपुर (उधमसिंह नगर)
फोन: 9927133000 ईमेल: info@bharatpathlab.in
आवश्यकता है
भारत विकास परिषद रूद्रपुर चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्थापित धर्मार्थ पैथोलॉजी लैब हेतु निम्न पदों पर योग्यता प्राप्त एवं अनुभवी पुरुष/महिला की आवश्यकता है:-

| क्र.सं. | पद | शैक्षिक योग्यता | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | लैब टेक्नीशियन/मैनेजर | BSc MLT | 1 |
| 2 | होम कलेक्शन/सेम्पल कलेक्शन हेतु | | 2 |

इच्छुक अभ्यर्थी स्व.हस्तलिखित प्रार्थना पत्र, विस्तृत टंकित बायो-डाटा एवं शैक्षिक प्रमाणपत्रों की छाया प्रतियों सहित 30 मई 2023 को प्रात: 11 बजे लैब कार्यालय में मिले।

## सीबीजी प्लांट में करेंट से चालक की मौत, हंगामा

### ठेकेदार के खिलाफ फूटा गुस्सा ,एक घंटे बाद परिजनों को दी गयी सूचना



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सीवीजी प्लांट पर कूड़े की गाड़ी खाली करने गया नगर निगम का ठेका कर्मी विद्युत करेंट की चपेट में आ गया। उसे आनन फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक ठेकेदार के अधीन वाहन चलाता था। घटना से परिवारजनों समेत अन्य लोगों का गुस्सा ठेकेदार के खिलाफ फूट पड़ा। उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस के बाहर जमकर हंगामा किया। परिजनों ने युवक की मौत के लिए ठेकेदार को जिम्मेवार ठहराया है और उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार भूतबंगला वार्ड बीस निवासी 25 वर्षीय सुनील कोली पुत्र राम चन्द्र नगर निगम ठेकेदार के अधीन काम करता था। वह रोजाना की तरह कूड़े की गाड़ी को खाली करने के लिए झा कालेज के पास स्थित नगर निगम के सीबीजी प्लांट पर गया था। यहां (शेष पृष्ठ सात पर)



किराये हेतु
डॉक्टर कालोनी, सिविल लाईन रूद्रपुर पहली गली में स्थित 25x75 के दो नर्सिंग होम किराये हेतु खाली हैं, जिसमें आई साइट हॉस्पिटल एवं मान्या आयुर्वेदिक सेन्टर चल रहा है।
&lEid dj&
9897067700
9897683006

## ‘शिव की डेडलाइन’ तो फिस्स हुई अब ‘धामी की डेडलाइन’ का इंतजार

### मुख्यमंत्री के निर्देश के तीन दिनों बाद भी हरकत में नहीं आया लोक निर्माण विभाग, तय समय सीमा तक सड़कों के गड्ढा मुक्त होने के आसार कम

-अर्श-

रूद्रपुर। शहर की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के लिए रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा द्वारा तय की गई 31 अक्टूबर की डेडलाइन तो टांय- टांय फिस्स होकर रुद्रपुर वासियों को खासा निराश कर चुकी है, पर हाल ही में सूबे के मुखिया पुष्कर सिंह धामी द्वारा राजधानी में लोक निर्माण विभाग के आला अफसरों की मीटिंग में, 30 नवंबर तक राज्य की सभी प्रमुख सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की डेडलाइन तय किए जाने और तय समय सीमा के भीतर पैच वर्क को पूरा ना करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की चेतावनी से, रुद्रपुर महानगर वासियों यह आस एक बार फिर जाग उठी है कि उपरोक्त डेडलाइन तक शायद उनके इलाके की सड़कें भी गड्ढा मुक्त हो जाएं। अब डेडलाइन में 30 और 31 तारीख नियत किए जाने के पीछे कोई अंक ज्योतिषीय कारण है या फिर महीने की आखिरी तारीख होने के कारण डेडलाइन के लिए इनका इस्तेमाल किया गया है ,यह तो डेड लाइन तय करने वाले ही जाने ,लेकिन इतना अवश्य है कि अगर रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा की डेडलाइन की तरह ही सूबे के मुख्यमंत्री की डेडलाइन का नतीजा भी ढाक के तीन पात वाला रहा, तो इससे रुद्रपुर के निवासियों को एक बार फिर घोर निराशा का सामना करना पड़ेगा। वैसे देखा जाए तो इस बात के आसार कम ही नजर आते हैं कि मुख्यमंत्री द्वारा सड़कों को गड्ढा मुक्त करने बाबत तय की गई डेडलाइन का हश्र ,रुद्रपुर विधायक द्वारा तय की गई डेडलाइन जैसा नहीं होगा। वह इसलिए ,क्योंकि मुख्यमंत्री द्वारा सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने के निर्देश जारी किए जाने के तीन दिन व्यतीत होने के बाद भी शहर में लोक निर्माण विभाग हरकत में आता नहीं दिख रहा है। लिहाजा देखने वाली बात तो यह होगी की आने वाले 6 दिनों में लोक निर्माण विभाग सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की दिशा में कौन सा तीर मार लेता है? हालांकि गुजरे मंगलवार को मुख्यमंत्री द्वारा सचिवालय में लोक निर्माण विभाग की बैठक के दौरान सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की डेड लाइन तय करने और डेडलाइन तक लक्ष्य ना पूरा करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करने की खबर का ,जो लब्बोलुआब निकलकर सामने आया है, उससे यह कहीं भी दर्शित नहीं होता कि मुख्यमंत्री का उक्त निर्देश पूरे उत्तराखंड की प्रमुख सड़कों को गड्ढा मुक्त (शेष पृष्ठ सात पर)








# मुख्यमंत्री ने सिल्क्यारा में डाला डेरा

## सुरंग में सुबह से फिर ड्रिलिंग शुरू : रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई हैं केंद्र व राज्य सरकार की 19 एजेंसियां





उत्तरकाशी। सिल्क्यारा में निर्माणाधीन सुरंग में हुए हादसे में फंसे 41 मजदूरों को निकलने के लिए अध्याधुनिक ड्रिलिंग मशीनों से युद्धस्तर पर जारी रेस्क्यू ऑपरेशन का आज 13वां दिन है। सुरंग में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए शासन प्रशासन की जद्दोजहद जारी है। 41 मजदूरों को 12वां दिन भी सुरंग के भीतर ही बिताना पड़ा। ऑगर मशीन के सामने आए सरिया को काटने में ही घटों बीत गए, ये कटे तो मशीन का बेस हिलने से काम बाधित हो गया। देर शाम अफसरों ने बताया कि अब दोबारा ड्रिलिंग शुक्रवार सुबह ही शुरू होगी, वहीं ये भी चर्चाएं रहीं कि सुबह तक मजदूरों को निकाल लिया जाएगा। सुरंग में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए अब केवल 10 से 12 मीटर की ड्रिलिंग शेष है। जिसके लिए छह-छह मीटर के दो पाइप डाले जाने हैं। बताया जा रहा है कि ड्रिलिंग के दौरान लंबे पाइप के दबाव से मशीन अपनी जगह से हिल गई है। अभी मशीन का बेस मजबूत किया जा रहा है। जिसके चलते कुछ देर के लिए अभियान रोका गया। माना जा रहा है कि बचाव दल के श्रमिकों तक पहुंचने के लिए थोड़ा समय और लग सकता है। बता दें सीएम धामी बुधवार शाम से उत्तरकाशी में ही मौजूद हैं। आज सुबह सीएम धामी ने सिलक्यारा पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। इसके साथ ही साइट में मौजूद अधिकारियों से रेस्क्यू अभियान का फीडबैक भी लिया। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान शासकीय कार्य भी प्रभावित न हों और इस ऑपरेशन की खुद सीएम मॉनिटरिंग कर सके इसके चलते ये फैसला लिया गया है। उत्तरकाशी के सिलक्यारा में निर्माणाधीन टनल में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए चल रहे ऑपरेशन को की मॉनिटरिंग के लिए मातली में मुख्यमंत्री का अस्थायी कैंप कार्यालय खोल दिया गया है। मुख्यमंत्री धामी वहां कैंप कर रहे हैं। इस बीच संस्कृति विभाग का मुख्यमंत्री आवास में बृहस्पतिवार की शाम को होने वाले इगास कार्यक्रम को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे लिए वास्तविक इगास का क्षण तब होंगे, जब सभी 41 मजदूर सुरंग से सुरक्षित बाहर आ जाएंगे। उनके निर्देश पर ही मातली में अस्थायी रूप से कैंप कार्यालय बनाया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, इस समय मेरी चिंता सुरंग में फंसे हुए उन श्रमिक भाइयों को लेकर है, जिनके लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के विश्व स्तरीय तकनीकी के प्रयास चल रहे हैं। बहुत जल्द हम इस ऑपरेशन को पूरा करने में सफल होंगे। सिलक्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों को निकाले जाने के बाद चिकित्सीय सुविधा देने के लिए एम्स ने भी पूरी तैयारियां की हैं। एम्स प्रशासन का कहना है कि यदि मजदूरों को एम्स भेजा गया तो उन्हें बेहतर चिकित्सीय सुविधा प्रदान की जाएगी।उत्तरकाशी के सिलक्यारा में सुरंग में फंसे श्रमिकों को निकालने के लिए रेस्क्यू का सामान लेकर आज शुक्रवार को उड़ीसा से एक मालगाड़ी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। बुधवार को गुजराती के वापी से दो ड्रिलिंग मशीन को मंगाने के बाद एक मालगाड़ी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पहुंची थी। यहां से चार ट्रकों से मशीन को उत्तरकाशी भेजा गया था। उड़ीसा से मालगाड़ी पहुंचने के बाद रेस्क्यू उपकरणों को उत्तरकाशी भेजा जाएगा। योगनगरी रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक जीएस परिहार ने बताया कि एक मालगाड़ी देर रात तक ऋषिकेश रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी।बीते गुरुवार रातभर मशीन का बेस मजबूत करने के लिए काम किया गया। बेस मजबूत होने के बाद ही ड्रिलिंग का दोबारा शुरू हो पाएगी। ऑगर मशीन का बेस हिलने के चलते ड्रिलिंग का काम शुरू नहीं हो पा रहा है। ड्रिलिंग के दौरान कंपन तेज होने से मशीन का बेस हिल गया था। मजदूरों तक पहुंचने के लिए 800 एमएम के स्टील पाइपों से 51 मीटर तक एस्केप टनल तैयार की जा चुकी है। बचाव अभियान में इस्तेमाल की जा रही ड्रोन तकनीक पर स्क्वाड्रन इंफ्रा माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के एमडी और सीईओ सिरिएक जोसेफ कहते हैं कि यह (ड्रोन) नवीनतम तकनीकों में से एक है जो सुरंग के अंदर जा सकती है। जिन क्षेत्रों में जीपीएस का नहीं करता इसकी पहुंच वहां भी है। सुरंग के अंदर फंसे 41 मजदूरों के लिए खाने-पीने का सामान पैक किया जा रहा है। आज उम्मीद की जा रही है कि कुछ समय की निर्बाध ड्रिलिंग के बाद सभी मजदूर बाहर निकाल लिये जाएंगे।



## सीएम धामी ने टनल में फंसे श्रमिकों में से गब्बर सिंह नेगी एवं सबा अहमद से बातचीत कर बढ़ाया हौसला

### मॉनिटरिंग और शासकीय कार्य के लिए मातली में अस्थाई रूप से मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बनाया

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार सायं उत्तरकाशी के सिलक्यारा में निर्माणाधीन टनल में फंसे श्रमिकों में से गब्बर सिंह नेगी एवं सबा अहमद से बात कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान दोनों लोगों ने मुख्यमंत्री को सभी श्रमिकों के स्वस्थ और सुरक्षित होने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिक भाइयों को आदरणीय प्रधानमंत्री जी द्वारा निरंतर उनकी वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी लेने एवं बचाव कार्यों की मॉनिटरिंग किए जाने के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बचाव कार्य सही दिशा में संचालित है और शीघ्र ही सभी श्रमिक भाई सुरक्षित बाहर आकर अपने परिजनों के साथ होंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल (से.नि) वी.के सिंह ने सिलक्यारा, उत्तरकाशी में टनल रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लेने के उपरांत राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी एजेंसी आपसी समन्वय के साथ राहत और बचाव कार्य में जुटे रहें। हम सब का यह प्रयास हो की फंसे श्रमिकों को जल्द से जल्द सुरक्षित बाहर निकाला जाए। फंसे श्रमिकों को निकालने हेतु हर संभव प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को टनल में फंसे श्रमिकों का विशेष ध्यान रखे जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा अंदर श्रमिकों की मांग अनुसार हर संभव सामग्री उपलब्ध कराई जाए। हर दिन डॉक्टरो से उनकी बात करवाई जाए। साथ ही श्रमिकों एवं उनके परिजनों के बीच निरंतर संवाद कायम करवाया जाए। इस दौरान बैठक में प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार एवं उत्तराखण्ड सरकार के सलाहकार भास्कर खुल्बे, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन, एमडी एनएचआइ ंडीसीएल महमूद अहमद, कमिश्नर गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडे, आई.जी गढ़वाल करन सिंह नगन्याल, विधायक संजय डोभाल, विधायक सुरेश चौहान, सचिव डॉ. नीरज खैरवाल, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## नाश्ता और खाना पहुंचाने में जुटी है सात सदस्यीय टीम

उत्तरकाशी। सिलक्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों ने बृहस्पतिवार को नाश्ते में उपमा तथा लंच में दाल-भात खाया। एक विशेष टीम ने उन तक यह सब पहुंचाया। यह टीम सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों के साथ ही बचाव कार्य में लगे लोगों के भी खाने-पीने का भी ध्यान रखती है। इस सात सदस्यीय टीम के लीडर रत्नाकर दास ने बताया कि पूर्व में 4 इंच के पाइप से हर 45 मिनट में अंदर फंसे मजदूरों को मुरमुरे, भूने चने, भीगे चने, बादाम, काजू, किशमिश और पॉपकार्न व मूंगफली




दी जाती थी। जिसे वह स्टोर करके खाया करते थे। अब छह इंच का पाइप पहुंचने के बाद से मजदूरों को पका हुआ भोजन दिया जा रहा है। उनकी टीम मजदूरों और बचाव कार्य में लगी टीम के सुबह के नाश्ते, दिन व रात के खाने को पहुंचाने में दिन-रात जुटी रहती है। रत्नाकार ने बताया कि उन्होंने यह काम अपनी स्वेच्छा से चुना। ताकि वह अंदर अपने साथियों की देखभाल कर सकें। बताया कि इस काम के चलते पिछले कुछ दिनों में वह केवल दो से तीन घंटे ही सो पा रहे हैं। टीम में उपेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, महेश, कुक लालू, रवि व दिनेश शामिल हैं। रत्नाकर दास ने बताया कि अंदर फंसे मजदूरों तक पाइप से खाना पहुंचाने में दो घंटे का समय लगता है। इसके लिए दाल और खिचड़ी जैसे खाद्य पदार्थ बोतल में भरकर और फिर रस्सी से बांधकर भेजे जाते हैं।

## सुरंग में फंसे श्रमिक भाइयों को बाहर निकालना ही मेरी प्राथमिकता:धामी

उत्तरकाशी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा, इस समय मेरी चिंता सुरंग में फंसे हुए उन श्रमिक भाइयों को लेकर है, जिनके लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के विश्व स्तरीय तकनीकी के प्रयास चल रहे हैं। बहुत जल्द हम इस ऑपरेशन को पूरा करने में सफल होंगे। वह क्षण हमारे लिए वास्तविक इगास का होगा। हम सभी प्रदेशवासियों की कामना है कि हम सब उनका मनोबल बढ़ाएं और प्रार्थना करें कि बचाव ऑपरेशन जल्द सफलतापूर्वक पूर्ण हो। सुरंग में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन में केंद्र व राज्य सरकार की 19 एजेंसियां जुटी हैं। चारधाम महामार्ग परियोजना के तहत निर्माणाधीन



सिलक्यारा सुरंग में हादसे के बाद सुरंग निर्माण करवा रही कार्यदायी संस्था एनएचआईडीसीएल, जिला प्रशासन, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, आपदा प्रबंधन विभाग, पुलिस व होमगार्ड्स की टीम सबसे पहले मौके पर पहुंची थी। लेकिन तकनीकी कारणों के चलते रेस्क्यू ऑपरेशन लंबा खिंचने पर केंद्र सरकार की अन्य एजेंसियां भी यहां पहुंच गईं। इनमें बीआरओ, आरवीएनएल, एसजेवीएनएल, लार्सन एंड टूब्रो, टीएचडीसी, ओएनजीसी, भारतीय सेना, डीआरडीओ, परिवहन मंत्रालय व कोल इंडिया भी शामिल हुए। जिनके बीच समन्वय के लिए भारत सरकार के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे, प्रधानमंत्री कार्यालय में उप सचिव मंगेश घिल्डियाल, राज्य सरकार में सचिव नीरज खैरवाल, आपदा सचिव डॉ. रंजीत सिन्हा, एनएचआईडीसील के एमडी महमूद अहमद, परिवहन मंत्रालय में सचिव अनुराग जैन, उत्तरकाशी डीएम अभिषेक रूहेला व एसपी अर्पण यदुवंशी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इनमें से कई अधिकारी हादसे के बाद से ही सिलक्यारा में ही डेरा डाले हुए थे।

## पूरी सावधानी के साथ तेजी से ड्रिलिंग हो रही

देहरादून(उद संवाददाता)।सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन के संबंध में आज अस्थाई मीडिया सेंटर, सिलक्यारा में प्रेस ब्रीफिंग की गई।सचिव, उत्तराखण्ड शासन डॉ. नीरज खैरवाल ने बताया कि ऑगर मशीन से ड्रिलिंग शुरू करते हुए कुल 45 मीटर तक ड्रिलिंग पूरी कर ली गई थी। 45 मीटर से आगे की ड्रिलिंग के बाद धातु के टुकड़े (सरिया) के मशीन में फसने से ड्रिलिंग में बाधा सामने आ खड़ी हुई थी। उन्होंने बताया कि देर रात श्रमिक प्रदीप यादव एवं बलविंदर द्वारा पाइप के मुहाने पर फंसे धातु के टुकड़ों को पाइप के अंदर रेंगकर काट दिया गया है। सचिव डॉ.खैरवाल ने बताया कि आगे का कार्य भी पूरी सावधानी के साथ किया जा रहा है। पुन: ऑगर मशीन से स्थापित कर ड्रिलिंग शुरु करते हुए 1.8 मीटर अतिरिक्त ड्रिलिंग की गई है। उन्होंने कहा पूरी सावधानी बरतते हुए तेजी से ड्रिलिंग करना हमारी प्राथमिकता है। इस दौरान एम.डी (एनएचआईडीसीएल ) महमूद अहमद, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी मौजूद रहे।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# केन्द्रीय राज्य मंत्री भट्ट ने किया द रॉयल रिसोर्ट का शुभारंभ



गदरपुर(उद संवाददाता)। नव प्रतिष्ठान द रॉयल रिसोर्ट का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग, गुरबाणी कीर्तन ,सुख शांति,सुख समृद्धि की अरदास के उपरांत केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट द्वारा फीता काटकर करवाया गया । ग्राम सकैनिया, तहसील गदरपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड में पेट्रोल पंप के सामने सोहनलाल अरोड़ा एवं विजय कुमार हुडिया के परिवारों द्वारा क्षेत्र की शादी विवाह आदि कार्यक्रम करवाने हेतु हो रही बारात घर की समस्या को देखते हुए द रायल रिसोर्ट का निर्माण करवाया गया। नव प्रतिष्ठान द रॉयल रिसोर्ट का शुभारंभ करते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट द्वारा,गुरु ग्रंथ साहिब को नमन करते हुए जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल, के जयकारे के उपरांत कहा कि रिसोर्ट की स्थापना क्षेत्र की जनता की मुख्य मांग रही है जिससे सोहनलाल और विजय हुड़िया द्वारा पूरा किया गया । उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके द्वारा भी क्षेत्र के विकास के लिए जो भी संभव था विकास कार्य करवाए हैं और आगे भी विकास कार्यों के लिए अग्रणी रहकर जनहित कार्य किए जाएंगे । इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने शुभकामनाएं देते हुए विजय हुड़िया एवं सोहन लाल के नव प्रतिष्ठान द रॉयल रिसोर्ट के शुभारंभ पर शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की । इससे पूर्व रागी भाई चरणजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह राणा,मंगल सिंह, परविंदर सिंह द्वारा लख खुशियां पातशाहियां जे सतगुरु नदर करे, आदि गुरबाणी कीर्तन एवं भाई प्रकाश सिंह,बलवंत सिंह,दर्शन सिंह द्वारा प्रसाद की सेवा की गई,वक्ताओं को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया ।इस मौके पर गुरु का लंगर भी अटूट बांटा गया । कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ,रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा,पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुरेश परिहार, सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी ,एसओ भुवन चंद्र जोशी, गुंजन सुखीजा एवं अन्य गणमान्य का शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया । इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान,किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया, किसान मोर्चा नैनीताल जिलाध्यक्ष संदीप जी,जिला महामंत्री दिनेश जी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष रविंद्र बाली,जिला महामंत्री वीरेंद्र जायसवाल, हरलोक सिंह नामधारी,रविंद्र बजाज, सोनू कालडा,विजय हुड़िया, राजेंद्र अरोड़ा,अशोक धीर,सतीश छाबड़ा, पंकज सेतिया,डॉ, देसराज कंबोज,मनीष शुक्ला, बलकार सिंह,पृथ्वी बजाज, सुरेश खुराना,जलेश्वर नाथ त्रिपाठी, सरबजीत सिंह,सुरेश कुमार, संदीप कुमार, रामविलास, जसवीर चीमा, अमित नारंग, परमजीत सिंह, अशोक सेठी,सुभाष कुमार, सतीश मुंजाल, मनोज गुंबर, सतनाम चंद कंबोज, कश्मीर लाल, किशनलाल, मदन लाल हुड़िया,शिवम त्रिपाठी मलूक सिंह हुड़िया, चिमनलाल हुडिया,राजेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार,टीकम खेड़ा, जोगिंदरवीर सिंह, सूर्यभान गुप्ता, अरविंद पाल,शुभम अरोड़ा,ओम अरोड़ा,गीता हुड़िया, किरण हुड़िया, आशा अरोड़ा,पूजा अरोरा सहित तमाम रिश्तेदार एवं अन्य गण मान्य लोग मौजूद रहे ।

# एक साथ चार लोगों की मौत से मातम में बदली शादी की खुशियां

## शादी में जा रहा परिवार हुआ दर्दनाक हादसे का शिकार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर से अयोध्या जा रही बारात में शामिल कार सीतापुर-लखनऊ राजमार्ग पर खैराबाद के बिनौरा के पास भीषण हादसे का शिकार हो गयी। कैंटर की टक्कर से रॉयल रेजीडेंसी बगवाड़ा निवासी एक ही परिवार के तीन लोगों और एक रिश्तेदार की दर्दनाक मौत हो गयी। इस हादसे ने शादी की खुशियां को मातम में बदल दिया हैं । शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद फैजाबाद में शवों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को बगवाड़ा क्षेत्र के एमवे टाउन से ऋषभ पुत्र विजय की बारात अयोध्या के रौनाही गांव जा रही थी। बारात में एक बस के साथ दो कारें शामिल थीं। ऋषभ के रिश्तेदार रामदास मौर्या (62) पुत्र कांशीराम, अविनाश मौर्या उर्फ सोनू (25) पुत्र रामदास और अंकुर मौर्या (18) पुत्र रामदास निवासी रॉयल रेजीडेंसी बगवाड़ा भी बारात में शामिल थे। वह अपने साढ़ू लेखराज मौर्या (35) के साथ ही अपनी कार से गए थे। वहीं खैराबाद थाना क्षेत्र के बिनौरा के पास समदेपुर गांव के सामने अचानक कार कैंटर की चपेट में आ गई। हादसे में चारों की मौत हो गई। वहीं जैसे ही इस हृदय विदारक हादसे की सूचना कंपनी के लोगों ने रुद्रपुर में परिजनों को दी तो घर में चीख-पुकार मच गयी। रामदास मौर्या की पत्नी संगीता और बहू रिंकी का रो-रोकर बुरा हाल था। पड़ोसी महिलाएं और अन्य रिश्तेदार घर पहुंचे और उन्हें ढांढ़स बंधाते रहे, लेकिन वे रो-रोकर बेसुध हो जा रही थीं। इस दौरान अन्य लोगों की भी आंखें नम हो जा रही थीं। रात करीब नौ बजे परिजन ताला लगाकर यहां से रवाना हो गए। पड़ोसियों से मिली जानकारी के मुताबिक, रामदास मौर्या का बड़ा बेटा अविनाश मौर्या और छोटा बेटा अंकुर मौर्या सिडकुल में एक कंपनी में काम करते थे। रामदास मौर्या भी सिडकुल की टीवीएस श्री चक्रा कंपनी से रिटायर हुए थे। पड़ोसियों ने बताया कि करीब सात-आठ साल पहले ही रामदास मौर्या ने यहां मकान बनाया था। करीब 15 साल पहले परिवार यहां आया था। परिवार मूल रूप से अयोध्या के रौनाही का रहने वाला है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817

# जसपुर में सफाई की व्यवस्था चौपट, बीमारियों का खतरा बढ़ा

काशीपुर/जसपुर(उद संवाददाता)। नगर पालिका क्षेत्र में साफ सफाई को लेकर हालात बद से बद्तर हो चुके हैं। यही कारण है कि उपरोक्त स्थानों पर संक्रामक बीमारियों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। आबादी वाले क्षेत्रों में लोगों को प्रदूषित माहौल में जीना पड़ रहा है। जसपुर में कस्बे की सफाई व्यवस्था चौपट होने के कारण बीमारियों का खतरा मंडराने लगा। अधिशासी अधिकारी पर आरोप है कि वह दायित्वों को लेकर उदासीन है। दिनों दिन हालात खराब होते देख लोगों ने पालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलने का मन बना लिया। ज्ञातव्य है कि पालिका प्रशासन के लापरवाह कार्य शैली के चलते पिछले कुछ समय से जसपुर के शहरी इलाके में लोग भीषण गंदगी के बीच जिंदगी जीने को विवश है। मच्छरों की प्रकोप से बचाव को लेकर फागिंग की जाने वाली व्यवस्था कुछ खास इलाके तक सीमित है। नाली नालियों की नियमित सफाई न किए जाने के कारण बीमारियों का खतरा भी काफी बढ़ गया है। नगर क्षेत्र में तमाम महत्वपूर्ण स्थान पर जमा कूड़े की ढेर से सड़ांध आने के कारण लोगों का मार्ग से होकर गुजरना दुश्वार है। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है की सफाई कर्मी काम में लगातार कोताही बरत रहे हैं इस बारे में यदि उनसे शिकायत की जाती है तो वह हरिजन एक्ट में मुकदमा दर्ज करने की धमकी देते हैं। जसपुर में स्वच्छ भारत अभियान मजाक बनकर रह गया। इसी तरह ग्राम पंचायत स्तर से भी ग्रामीण इलाकों में साफ सफाई की कोई इंतजाम नहीं किया जा रहे हैं।

## राज्य सूचना आयुक्त ने जताई नाराजगी

काशीपुर। उत्तराखंड राज्य सूचना आयुक्त योगेश भट्ट ने पिछले दिनों जसपुर नगर पालिका परिषद का आकस्मिक निरीक्षण किया। नगर पालिका के अभिलेखों के रख रखाव एवं सुरक्षा को बेपरवाह बताते हुए नाराजगी व्यक्ति की। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद जसपुर में कागजी दस्तावेज का रख रखाव ठीक प्रकार नहीं हो पा रहा है। उन्होंने ईओ शाहिद अली को 30 दिन का अल्टीमेटम देकर कहा कि 30 दिन के बाद वह कभी भी पुनः निरीक्षण कर सकते हैं।

## सरकारी धन का किया जा रहा है दुरुपयोग

काशीपुर। निकाय चुनावों के करीब आने के साथ ही यहां विकास कार्यों को लेकर समाज को गुमराह करने का भी काम शुरू कर दिया गया। बीते 16 नवंबर को नगर क्षेत्र के सड़कों के निर्माण हेतु एक समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जो सड़के पूरी तरह दुरुस्त है पालिका प्रशासन उन सड़कों के निर्माण के लिए भी सरकारी धन का दुरुपयोग करने के प्रयास में है। लोगों का आरोप है कि जहां आबादी नहीं है पालिका प्रशासन ऐसे स्थान पर भी सड़क बनाने के टेंडर जारी कर रहे हैं।

# भट्टी में अवैध शराब बनाता दबोचा, साथी फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम अमरपुर में डिमरी नदी के पास औचक दबिश देकर भट्टी में अवैध शराब बना रहे एक व्यक्ति को दबोच लिया। जबकि उसका साथी पुलिस टीम को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर हजारों लीटर लाहन व भट्टी नष्ट कर अवैध शराब तथा शराब बनाने के उपकरण कब्जे में ले लिए। मामले की रपट दर्ज कर ली गई है। जानकारी के अनुसार उनि मुकेश मिश्रा साथी पुलिसकर्मियों कानि. रघुनाथ सिह व मोहन तिवारी के साथ एमिनीटी पब्लिक स्कूल के पास मोड पर पहुचे तो मुखबिर से सूचना मिलने वह अमरपुर गांव में डिमरी नदी के किनारे गये। जहां एक कच्ची शराब की भट्टी देखी। जहां अवैध शराब बनाई जा रही थी। पुलिस टीम मौके पर मौजूद दोनो लोगों को पकड़ने के लिये पहुंची । तो दोनो व्यक्ति नदी पार कर झाड़ियों की तरफ भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर एक व्यक्ति को मौके पर दबोच लिया जबकि उसका साथी भागने में कामयाब हो गया। पूछताछ करने पर पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम पता स्वर्ण सिंह पुत्र बिशन सिंह निवासी ग्राम अमरपुर तथा भागने वाले व्यक्ति का नाम सतनाम सिंह उर्फ पप्पू पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम अमरपुर बताया। पुलिस ने मौके पर हजारों लीटर लाहन व भट्टी नष्ट कर अवैध तैयार 70 लीटर शराब तथा शराब बनाने के उपकरण अपने कब्जे में ले लिए। पुलिस ने दोनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर फरार सतनाम सिंह की तलाश शुरू कर दी है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक चालक गंभीर

किच्छा(उद संवाददाता)। हल्द्वानी रोड बेनी मजार के पास ट्रक की टक्कर से बाइक चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। घायल को स्वास्थ्य केन्द्र भर्ती कराने के बाद रूद्रपुर रैफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात एक व्यक्ति ने 112 डायल नंबर पर हल्का नंबर एक गडरिया बाग में बेनी मजार के पास एक्सीडेंट होने की सूचना दी। सूचना पर वरिष्ठ उप विनोद सिंह फर्त्याल, उप निरीक्षक बबीता, उपनिरीक्षक मनोज सिंह व का बृजमोहन पोखरिया व डायल 112 वाहन में नियुक्त कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर देखा तो मोटरसाइकिल संख्या यूके 01सी 9369 का चालक 30 वर्षीय नीरज नेगी पुत्र जगत सिंह निवासी ग्राम पाथरी जनपद अल्मोड़ा वर्ष घायलावस्था में पड़ा था उसके साथ उसका ममेरा भाई अजय सिंह पुत्र हरीश नेगी निवासी नालंदा बनखंडी किच्छा मौजूद था। घायल व्यक्ति के भाई ने बताया कि दोनों नैनीताल से किच्छा आ रहे थे ।गडरिया बाग हल्का नंबर एक के पास ट्रक संख्या यूपी 25सीटी 5735 ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिसमें चालक नीरज नेगी घायल हो गया घायल को तुरंत 108 वाहन द्वारा सीएचसी किच्छा भेजा गया जहां से घायल व्यक्ति को बाद प्राथमिक उपचार हायर सेंटर रेफर किया गया । ट्रक को पुलिस ने कब्जे में लिया गया ट्रक चालक मौके से फरार है ।

# अवैध शराब के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने अलग अलग स्थानों से दो शराब तस्करों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उ.नि. केसी आर्य, का.अमित जोशी, महेंद्र कुमार व मो. इरफान के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर वह वाल्मीकि मन्दिर खेड़ा के पीछे खाली प्लाँट में पहुंचे जहां एक व्यक्ति कट्टे से कच्ची शराब की पन्नियाँ एक गड्ढे में डालते दिखाई दिया। पुलिस कर्मियों ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम गुरचरण सिंह उर्फ चन्नी पुत्र सिंघाड़ा सिंह निवासी दूधिया नगर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद कट्टे से कुल 58 पाऊच अवैध कच्ची शराब के बरामद हुए। वहीं ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस के अपर उनि. भरत सिंह व कानि. दिनेश चन्द्र गश्त करते हुए मुखबिर की सूचना पर विवेक नगर पहुचे। जहां जरीकेन लिए खड़े एक व्यक्ति को पकड लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता अजय सिंह उर्फ अजीत सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी रायल रेजिडेन्स बगवाड़ा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद जरीकेन में 20 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने दोनों मामलों में शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# घर के अंदर से बाईक हुई चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनायें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब अज्ञात वाहन चोरों न घर के भीतर खड़ी मोटर साईकिल चोरी कर ली। उमेश चंद्र पुत्र प्राण सुख लाल हाल निवासी कृष्णा कालोनी मूल निवासी ग्राम अकबराबाद थाना बिलसण्डा जिला पीलीभीत ने कहा है कि 21 नवम्बर को दोपहर उसने अपनी बाईक वाहन संख्या यूके 04एच 4521 को अपने घर के अंदर गलियारे में खड़ा कर लॉक लगा दिया था। अगले दिन सुबह उठा तो देखा कि उक्त स्थान पर उसकी मोटरसाइकिल पार्क नही थी जिसे अज्ञात द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## शराब तस्कर गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। गूलरभोज चौकी पुलिस के का. लक्ष्मण कुमार व रघुवर सिंह ने गश्त के दौरान एएनके तिराहे के पास एक शराब तस्कर धर्म सिंह पुत्र स्वर्ण सिंह निवासी रामचंद्रपुर गूलरभोज को प्लास्टिक के जरिकेंन में 19 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पंत विवि के पूर्व उप कुलसचिव ओम शंकर का निधन



पंतनगर (उद संवाददाता)। ग्राम जवाहरनगर निवासी एवं पंतनगर कृषि वि.वि. के सेवानिवृत्त उप कुलसचिव ओम शंकर का लम्बी बीमारी के चलते विगत रात्रि निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। गुरुवार को स्थानीय श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।इस अवसर पर उनके पुत्र डॉ अनिल सक्सेना, रजनीश श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, प्रारब्ध जौहरी, जतिन सक्सेना, त्रिलोकी शंकर मिश्रा, कमल श्रीवास्तव, दिनेश भगत, सुशील श्रीवास्तव, डॉ विशन गंगवार, मनोज कुमार, रमन कुमार, संजय वर्मा आदि उपस्थित थे। साथ ही सैंकड़ों ग्रामीणों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# उपचार में लापरवाही पर चिकित्सक को सात वर्ष कठोर कारावास की सजा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गलत आपरेशन कर महिला की मृत्यु कारित करने वाले फर्जी डॉक्टर को तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मीना देउपा ने 7 वर्ष के कठोर कारावास और 1 लाख 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी । सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण पटवा ने बताया है कि शिमला बहादुर ट्रॉजिट कैम्प निवासी ओमप्रकाश ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह मूल रूप से बैरिया पश्चिम टीला थाना बैरिया जिला बलिया (यूपी) के रहने वाले हैं पर पिछले 30 सालों से यही रहते हैं ।मेरी पत्नी आशा वर्कर है उसकी डॉक्टरों से जान पहचान होने के कारण वह अपनी बीमार माता श्रीमती लक्ष्मी देवी को यहाँ ले आया चूँकि माता जी के पित्ताशय की थैली में पथरी थी ।उनका पार्थ पैथोलॉजी में अल्ट्रासाउंड कराया जिसके बाद दोपहर करीब दो बजे रूद्रा होटल के पास शिवानी सर्जिकल हॉस्पिटल में दिखाने गये तो वहाँ पर मौजूद डॉक्टर भानुप्रताप ने रिपोर्ट देखकर कहा कि पथरी बहुत बडी है आज ही आपरेशन कराओ ।मैंने कहा कि अभी मेरी पत्नी को पोलियो ड्रॉप पिलाने जाना है हम शनिवार को आपरेशन करा पाएँगे तो डॉक्टर ने कहा कि तुरंत कराओ इसमें कोई समस्या नहीं है और उन्होंने मेरी माता जी को तुरंत स्ट्रैचर पर लिटाकर बोतल चढ़ा दी तथा मेरी पत्नी व छोटे भाई प्रेम प्रकाश से कुछ कागजातो पर हस्ताक्षर करवा कर माता जी को आपरेशन के लिए अन्दर ले गए फिर कुछ देर बाद आकर कहा कि खून का इन्तजाम करो पर हमें माता जी से मिलने नहीं दिया गया ।हमने कहा कि हम खून की व्यवस्था करते हैं डॉक्टर भानुपरताप ने कहा कि सुशीला तिवारी अस्पताल हल्दवानी में फ्री खून मिल जायेगा हमने तुम्हारी माता जी को हल्द्वानी रैफर कर दिया है और अपने आदमियों से माता जी को एम्बुलेंस में डालकर बोले कि अब इनको फटाफट हल्दवानी ले जाओ। जब हम माता जी को एम्बुलेंस में हल्दवानी ले जा रहे थे तो मैंने व पत्नी ने माँ का हाथ छूकर देखा तो हाथ-पैर ठण्डे पड़ चुके थे यह देख हम उन्हें तुरंत जिला अस्पताल रूद्रपुर ले गए जहां डॉक्टरों ने चैक कर बताया कि इनकी तो मौत हो चुकी है। ओमप्रकाश ने कहा कि डॉक्टर भानुप्रताप ने गलत तरीके से मेरी मॉ का आपरेशन कर उनकी मृत्यु कर दी है। हमें सरकारी अस्पताल में कुछ लोगों ने बताया कि भानुप्रताप कोई डॉक्टर नहीं है और ना ही उसके पास कोई डॉक्टर सम्बंधित डिग्री है वह डॉक्टर बनकर लोगों से फर्जीवाडा कर डॉक्टर बनकर इलाज और आपरेशन करता है। आरोप लगाया कि यह झोलाछाप डॉक्टर भानुपरताप जिसने बेरहमी व लापरवाही से मेरी मॉ की मृत्यु कारित की है उसके व उसके सहकर्मियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कडी कानूनी कार्यवाही करते हुए कड़ी से कड़ी सजा दी जाये । पुलिस ने फर्जी डॉक्टर भानुप्रताप के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी,पुलिस द्वारा मृतका के ब्लाउज व आपरेशन करने वाले उपकरणों की फॉरेंसिक जॉच कराई तो उनका डीएनए मृतका से मैच हो गया जिसके बाद पुलिस ने आरोपी डॉक्टर भानुप्रताप के विरूद्ध चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी ।उसके विरूद्ध तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मीना देउपा की कोर्ट में मुकदमा चला जिसमें सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण पटवा ने 11 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद गुरुवार को न्यायाधीश मीना देउपा ने भानुपरताप को दोषी करार देते हुए धारा 304(II) में सात वर्ष के कठोर कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने तथा धारा 420 में तीन वर्ष के कठोर कारावास और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी साथ ही कहा कि जुर्माने की धनराशि में से पचास हजार रुपये मृतका लक्ष्मी देवी के परिजनों को बतौर प्रतिकर अदा किया जाय।

# ऑनलाइन जनपद स्तरीय व्याख्यानमाला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी उत्तराखण्ड सरकार द्वारा महर्षि वाल्मीकि जयन्ती मासमहोत्सव का जनपदस्तरीय व्याख्यानमाला का ऑनलाइन माध्यम से आयोजन किया जा रहा है। जो 28 अक्टूबर वाल्मीकि जयन्ती से 27 नवम्बर गुरुनानक जयन्ती तक मनाया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस ऊधम सिंह नगर जनपद में आयोजित कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में शहीद बेलमती चौहान राजकीय महाविद्यालय पोखरी क्वीली महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशिबाला वर्मा व मुख्य अतिथि के रूप में सिक्स सिग्मा इन्सटीट्यूट की डायरेक्टर डॉ. सीमा अरोरा, विशिष्ट अतिथि के रूप में एस.बी.एस.पी.जी.कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. निर्मला जोशी, मुख्यवक्ता के रूप में (सी.एम.रा.शा.उ.मा.वि. कटनी म.प्र.) के प्राध्यापक डॉ. शैलेन्द्रपाण्डे, सहवक्ता के रूप में केन्द्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय जम्मू के सहायकाचार्य डॉ. अखिलेश कुमार पाण्डेय, राज्य संयोजक डॉ. हरिशचन्द्र गुरुरानी (शोधाधिकारी) उत्ताखण्ड संस्कृत अकादमी शामिल हुए। सह संयोजक, अंकित पाण्डे सहायक काध्यापक, ने मंच संचालन किया। मुख्य वक्ता डा. शेलेंद्र पाण्डे ने अपने वक्तव्य में वाल्मीकि रामायण में उद्धृत भक्ति उपासना व ध्यान चिन्तन का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। सहवक्ता डा. अखिलेश कुमार पाण्डेय ने भक्ति कितने प्रकार की होती है, व किस प्रकार की जाती है। इसका वर्णन विस्तार पूर्वक किया। अन्त में कार्यक्रम अध्यक्ष डा. शशि बाला वर्मा द्वारा आशीर्वचन एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया। जनपद संयोजक सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के सहायकाचार्य डॉ. पुष्कर काण्डपाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी संस्कृत के प्रचार प्रसार व संवर्द्धन के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम करते रहती है, भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करते रहेगी।

# दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेन्द्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार श्री विशाल मदान, ब्लॉक कॉलोनी, गदरपुर की आरती, श्री हनुमान चालीसा से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल जी का भक्तों द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने मनवा होजा दीवाना रे श्री बालाजी राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, अजय जायसवाल ने दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार, सुनील कुमार ने लगन तुमसे लगा बैठे आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, अजय जायसवाल, प्रेमपाल सिंह, निहाल सिंह, हरनाम सिंह, धरमपाल सिंह, अमर दीप, संजय सिंह, संजय जैन, सोनू कक्के, भोपाल सिंह, खरैत कुमार, शिव कुमार,





में सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधि वत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी के चरणो में आदि भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया ।वही भजनों की श्रृंखला में शिव कुमार ने श्री राम जय राम जय जय उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर नरेश लवी अरोरा, धर्मवीर चौधरी, हरीश कुमार, अमन श्रीवास्तव, राजू सैनी, परमजीत, राजपाल सूंघ, वैभव ग्रोवर, उदय रस्तोगी, शुभम् रस्तोगी, बबलू रस्तोगी, अंटू रस्तोगी, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैकड़ों भक्त मौजूद थे।

# धूमधाम से संपन्न हुआ तुलसी विवाह

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा तुलसी विवाह के अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में पहुंची, जहां उन्होंने तुलसी विवाह कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने तुलसी मैया की पूजा की और उनसे क्षेत्र की खुशहाली, तरक्की, अमन चैन और आपसी भाईचारे के लिए प्रार्थना की। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा 66 विधानसभा



क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लमरा फुलसुंगा नारायण कॉलोनी पहुंची जहां ग्रामीणों ने श्रीमती शर्मा का भव्य स्वागत किया। बाद में श्रीमती शर्मा ने विधि विधान से तुलसी मैया की पूजा अर्चना की, और तुलसी विवाह कार्यक्रम में शामिल हुई। इस अवसर पर कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, रामाधारी गंगवार, सुनीता सैनी, प्रेमा,सोनिया, कांति, अर्चना, ममता, नंदिनी, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# सिक्स सिग्मा के छात्र-छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के फार्मेसी के डी फार्मा, बी फार्मा के छात्रों ने मैक्समेड लाइफ साइंस पंतनगर सिडकुल में औद्योगिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन रजत धवन (ट्रैंनिग एंड प्लेसमेंट हेड) द्वारा किया गया। औद्योगिक भ्रमण करने का मुख्य उद्देश्य यह था कि छात्र -छात्राओं को संस्थागत ज्ञान के अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्र की जानकारी भी दी जाए क्योंकि सामान्यत: जब छात्र संस्थान से अपनी शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात औद्योगिक क्षेत्र में कदम रखता है तो उसके मन में विभिन्न प्रकार के भय उत्पन्न होने लगते है। जिस कारण छात्र योग्य होते हुए भी औद्योगिक क्षेत्र में प्रवेश करते ही अपनी योग्यता का परिचय नहीं दे पाता है इन्ही समस्याओं को देखते हुए संस्थान समय-समय पर छात्र-छात्राओं को विशेष तौर पर औद्योगिक भ्रमण कराता है। मैक्समेड लाइफ साइंस कंपनी में एंटीबायोटिक जिसमें टैबलेट्स, कैप्सूल ,ड्राई सिरप ,ड्राई इंजेक्शन पाउडर आदि बनाए जाते हैं। छात्रों का औद्योगिक भ्रमण कंपनी के एम.डी. शुभम, प्लांट हेड शिवकुमार, एच. आर. मनु रस्तोगी द्वारा कराया गया जिसमे ग्रेन्यूलेशन एरिया, क्वालिटी कंट्रोल, क्वालिटी एश्योरेंस, पेकेजिंग एरिया, के प्रयोग के बारे में जानकारी दी।इस भ्रमण से सभी छात्र बहुत उत्साहित हुए और उनमे भी हर्षोउल्लास की लहर दौड़ गयी। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डावर, को-चेयरमैन



प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा मैनेजमेंट मेंबर वंश डाबर, फार्मेसी प्राचार्य डॉ. विजय सिंह ,पॉलिटेक्निक प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट व संस्थान के सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं ने बधाई दी।

# बदनामी से तंग युवती ने दी आत्महत्या की धमकी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सोशल मीडिया पर युवक द्वारा फोटो वायरल कर ब्लैकमेंल करने से तंग आकर एक युवती ने पुलिस को तहरीर सौंप कर न्याय की गुहार लगाई है। साथ ही उसने कहा है कि यदि पुलिस ने उसका साथ नहीं दिया तो वह अपनी जीवनलीला समाप्त कर लेगी। पीड़िता का आरोप है कि पिछले कुछ समय से रिजवान रजा पुत्र अहमद रजा निवासी प्रीत विहार गुरूद्वारा वाली गली मोबाईल की दुकान पर पहले कार्य करता था। जिससे उसने फोन खरीदा। उसके पश्चात वह नम्बर बदल बदल कर फोन करके उसे परेशान करता था। इसने उसके फोन को हैक कर रखा था और अब भी हैक करा हुआ है । जिसके बारे में उसे तब पता लगा जब उसकी एडिट की हुई फोटो व चैट दूसरे लोगों को भेजकर बदनाम किया। एडिट वाले सब लोगो को भेजकर उसे ब्लैकमेल कर रहा है जिससे वह बहुत परेशान हो चुकी है। उसकी आर्थिक स्थिति खराब है। युवक उससे पैसे मांगता है तथा धमकी देता है कि नही मिलेगी तो जान से मार देगा। पीड़िता का कहना है कि उसकी बहुत बदनामी हो रही है। अन्तिम स्थिति जहर खाकर मर जाने की हो रही है। यदि उसका साथ न दिया और हैक किये हुये फोटो व्हाट्सएप डाटा आदि डिलीट करवाने की कृपा करे अन्यथा वह अपनी जीवन लीला खत्म कर लेगी । पिछले तीन साल पहले भी उसकी फोटो एडिट कॉलिंग करके बदनाम किया और अब भी करने की कोशिश करके बहुत से लोगों को भेज रहा है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नहर कवरिंग कार्य का किया निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम से नवाबी रोड को जोडने वाली नहर कवरिंग के कार्य का महापौर डॉ जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला और नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। साथ ही कवरिंग के बाद ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त बनाया जाए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार समय पर पूरा किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा संपन्न

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामगढ़ ब्लॉक के गांव बसगांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा गुरुवार को पूर्णाहुति और भंडारे के साथ संपन्न हो गई। व्यास आचार्य संजय लोहनी के निर्देशन में यजमान पंडित मोहन चंद्र जोशी और लीला जोशी ने सपरिवार हवन पूजन संपन्न कराया। गांव पालड़ी, कासनोली, सुयालगाढ़, कुटधार, मटेला, छीमी, हरतोला से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर दिनेश चंद्र जोशी, राजू जोशी, जीवन चंद्र पाठक, चंद्रभानू पांडे, चंद्रशेखर पांडे, हेमा पाठक, कविता पांडे, कैलाश जोशी, जगदीश जोशी, गणेश दत्त पांडे, मोहन चंद्र पांडे आदि मौजूद रहे।



# धूमधाम से मनेगा श्री बालाजी धाम का स्थापना दिवस महोत्सव

## निशान यात्रा, रक्तदान शिविर, हवन के साथ सजेगा दरबार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम भगवानपुर स्थित श्री बालाजी धाम का तीन दिवसीय स्थापना दिवस महोत्सव कल 25 नवंबर से धूमधाम के साथ प्रारंभ किया जा रहा है। इस संदर्भ में स्थापना दिवस महोत्सव की तैयारियों को लेकर बाबा भक्तों की एक महत्वपूर्ण बैठक श्री बालाजी धाम परिसर में आयोजित की गई। जिसमें स्थापना दिवस महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही बाबा भक्तों को अलग-अलग जिम्मेवारियां भी सोपी गई। वरिष्ठ समाजसेवी एवं बाबा भक्त भारत भूषण चुघ ने बताया कि श्री बालाजी धाम के श्री गुरु जी महाराज महंत हरनाम जी के पावन सानिध्य में तीन दिवसीय स्थापना दिवस महोत्सव आयोजित किया जाएगा।



जिसके तहत 25 नवंबर दिन शनिवार को दोपहर 1:15 बजे से सैकड़ों बाबा भक्तों के साथ एलाइंस कम्युनिटी हॉल से भव्य निशान यात्रा प्रारंभ की जाएगी। जो मुख्य मार्गो से होकर गुजरती हुई श्री बालाजी धाम में संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर दिन रविवार को श्री बालाजी धाम में प्रात: 9:15 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें बाबा भक्त स्वेक्छिक रक्तदान कर समाज के प्रति अपना दायित्व निभाएंगे।तत्पश्चात सायं 4:15 बजे से हवन यज्ञ आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि 27 नवंबर दिन सोमवार को प्रात: 11:15 बजे से श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया जाएगा। जिसमें बाबा भक्त भजनों के माध्यम से श्री बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 1:15 से विशाल भंडारा आयोजित होगा। श्री चुघ ने समस्त बाबा भक्तों के साथ ही आम जनता से भी 25 नवंबर को आयोजित निशान यात्रा, 26 नवंबर को आयोजित रक्तदान शिविर एवं हवन यज्ञ तथा 27 नवंबर को प्रात: 11.30 बजे से श्री बालाजी दरबार में सपरिवार पहुंचने की अपील के साथ ही उन्होंने युवाओं से रक्तदान शिविर में अपना सहयोग करने का भी आग्रह किया। बैठक में अनेक बाबा भक्तों को जिम्मेवारियां दी गई। बाबा भक्त राजेंद्र श्रीधर ने कहा कि श्री बालाजी धाम के स्थापना दिवस पर आयोजित किए जाने वाले सभी कार्यक्रमों में बाबा भक्तों के आने से दरबार की शोभा बढ़ेगी। साथ ही सभी बाबा भक्तों को श्री बालाजी महाराज का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। बैठक में बाबा भक्त कैलाश राजपूत ने कहा कि श्री बालाजी धाम में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए बाबा भक्त एकजुट होकर सेवा कार्य कर रहे हैं। इस दौरान विजय भूषण गर्ग, रवि बाठला, प्रीतम अरोरा, पवन जिंदल , राजेश सिंघल, विजय अरोड़ा, मुकेश घई, गिरीश चंद्र पांडे व सतीश कुमार हुड़िया आदि बाबा भक्त मौजूद थे।

# बुराई से बचना ही सूफी संतों के प्रेम की निशानी: पाण्डे

गदरपुर( उद संवाददाता)। पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक अरविंद पांडे ने गदरपुर में कंबलशाह बाबा के यहां हाजरी दी और वहां पर मौजूद जायरीनों को संबोधित करते हुए कहा कि बुराई से बचो यही सूफी संतों से प्रेम की निशानी है। हम सबकी जिम्मेदारी है बड़ो के बताए रास्ते पर चलें। मानवता की निशानी ही सबसे बड़ी निशानी है। साफ कहा कि नशा चाहे कोई सा हो इसको छोड़ना होगा। नशा समाज के लिए एक बुराई है नशे के खिलाफ सभी को मिलकर आगे आना होगा वो लोग जो नई नस्ल को नशे में झोंक रहे हैं समाज के दुश्मन हैं। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के नेता जुल्फकार अली ने कहा कि सूफी संतों ने हमेशा प्यार और विकास की बात की है।हम सब के लिए खुशी की बात है कि हमारे बीच हमारे विधायक अरविंद पांडे मोजूद हैं उन्होंने कहा कि पांडे जी की



हम सब के बीच मोजूदगी प्यार की निशानी है। कंबल शाह बाबा का करम है कि हम सब तरक्की की राह पर हैं ।इस अवसर पर तराई मुस्लिम समाज के नेता अंजार हुसैन ने कहा कि सब तकदीर के खेल है विधायक जी ने बाबा के कार्यक्रम में आकर हमारा गौरव बढ़ाया है। इस अवसर पर सैय्यद चाँद मियाँ, मेहमूद हसन, अतुल पाण्डेय, हिमांशु सरकार, तनवीर गुड्डू, नजीर अहमद, अंजार हुसैन, वसीम अख्तर, फहद पाशा, रासम सकलैनी, शफीक बाबा, फईम, नईम, सद्दाम हुसैन, इस्तेकार पाशा, गुड्डू, राजा, को रिजवान, अफनान, अबू स्वालेह, सिराज, समीर, मेहरबान, नसीम, हामिद आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे। इस मौके पर सायरा बेगम ने भी विधायक पाण्डे का स्वागत किया।

# श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर भंडारा आयोजित

जाफरपुर/रुद्रपुर( उद संवाददाता)। गदरपुर मुख्य मार्ग स्थित जाफरपुर ग्राम सभा में एन एच 74 से दिनेशपुर जाने वाले मार्ग पर श्री श्याम मित्र मंडल जाफरपुर के तत्वधान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।भंडारे का आयोजन श्री खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव (देवउठनी एकादशी) के उपलक्ष्य में किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान सेवादार सागर अरोरा एवं परमानंद गुप्ता व नरेश टपाली द्वारा बाबा श्याम के जोरदार जयकारों के साथ भंडारे का शुभारम्भ किया। सागर अरोरा ने बताया कि आज देवउठनी एकादशी है जिसदिन बाबा श्याम के मंदिर का प्रथम बार जीणोद्धार लगभग 310 वर्ष पूर्व खाटू धाम में किया गया था और बाबा श्याम को सिंघासन पर विराजमान किया गया था।तब से आज तक इस दिन को बाबा श्याम के जन्मोत्सव के रूप में मनाते है।बाबा श्याम की कृपा सदैव अपने प्रेमियों पर बनी रहे इसी भावना से बाबा के जन्मोत्सव पर समस्त श्याम प्रेमियों को बधाई देते हुए अटूट भंडारे का आयोजन किया गया है जिससे दिनेशपुर जाफरपुर मार्ग पर आने जाने वाले राहगीरों को भंडारे का प्रसाद वितरण किया जा रहा है। इस मौके पर सतीश कुमार,मनोज वर्मा,नरेश अरोड़ा,अरब अरोड़ा, सौरव ,राजन कालरा, तन्नु अरोड़ा, गीता रानी सहित तमाम श्याम प्रेमी मौजूद रहे।



# नशे के कैप्सूलों का जखीरा पकड़ा

गदरपुर (उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना गदरपुर की टीम ने नहाल नदी पुलिया के पास वाहनों की चैकिंग के दौरान झगडपुरी की तरफ से आ रहे एक संदिग्ध व्यक्ति रोक लिया। नाम पता पूछते हुए तलाशी ली तो उसने अपना नाम जावेद आलम पुत्र इसरार हुसैन निवासी सरोवरनगर थाना गदरपुर बताया। तलाशी में उसके हाथ मे पकडे प्लास्टिक के कट्टे के अन्दर से 20 डिब्बो में कुल 4240 प्रतिबन्धित कैप्सूल बरामद हुए। लाईसेंस दिखाने को कहा तो वह नहीं दिखा पाया। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह बी फार्मा का छात्र है अपनी दैनिक जरुरतो



को पूरा करने के लिए नशे के इन कैप्सूलो को नशा करने वाले युवको को बेचता है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष भुवन चंद जोशी, उप निरीक्षक राकेश कठायत, महिला उप निरीक्षक कुसुम रावत, कांस्टेबल दर्शन, उमेश जोशी, इरशा दल्लाह खान, शाहिद अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# प्रबोधिनी एकादशी का उपवास अश्वमेध यज्ञ के समान

गदरपुर( उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में कार्तिक मास के उपलक्ष में हो रही कथा के 27वें दिन की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री ने बताया कि कार्तिक मास में भगवान विष्णु की प्रबोधिनी एकादशी को एक ही उपवास कर लेने से मनुष्य एक हजार अश्वमेध यज्ञ तथा सौ राजसूय यज्ञ का फल का लेता है, जो दुर्लभ है जिसकी प्राप्ति असंभव है तथा जिस त्रिलोकी में किसी ने नहीं देखा है ऐसी वस्तु के लिए याचना करने पर प्रबोधिनी एकादशी उसे देती है, भक्ति पूर्वक उपवास करने पर मनुष्य को हरि प्रबोधिनी एकादशी ऐश्वर्या, संपत्ति, उत्तम बुद्धि, राज्य तथा सुख प्रदान करती है, कार्तिक की हरि प्रबोधिनी एकादशी पुत्र, पौत्र तथा मोक्ष की प्राप्ति देती है। प्रभात फेरी श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष वेदराज बजाज एवं श्रीमती किरण बजाज के निवास पर गई एवं मन्दिर में प्रसाद की सेवा भी उन्हीं के परिवार द्वारा दी गई।





# मेयर ने किया हॉट मिक्स सड़क का शुभारम्भ

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। मेयर रामपाल सिंह ने शहरवासियों को एक और सौगात दी है। इंदिरा कालोनी गली नंबर एक की सड़क को हॉट मिक्स करने के साथ ही साढ़े तीन मीटर की जगह अब सात मीटर चौड़ा कर दिया गया है। मेयर रामपाल ने बृहस्पतिवार को सड़क के निर्माण का वरिष्ठ समाजसेवी कल्याण सिंह एवं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान के साथ संयुक्त रूप से नारियल तोड़कर शुभारम्भ किया। सड़क निर्माण शुरू होने से इंदिरा कालोनी और इंदिरा बंगाली कालोनी के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गयी। बड़ी संख्या में लोगों ने मेयर रामपाल सिंह का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस दौरान मिष्ठान वितरण भी किया गया।बता दें इंदिरा कालोनी गली नंबर एक की सड़क लम्बे समय से खस्ता हालत में थी। इस सड़क पर यातायात का दबाव अधिक होने के साथ ही अतिक्रमण के कारण भी अकसर जाम की समस्या का सामना करना पड़ता था। सड़क की खस्ता हालत के चलते लोगों को हो रही दिक्कतों को देखते हुए मेयर रामपाल सिंह



ने इस सड़क को हॉट मिक्स बनाने का वायदा किया था। वायदे को पूरा करते हुए मेयर रामपाल सिंह ने हॉटमिक्स निर्माण का नारियल फोड़कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल ने इस सड़क का नाम राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी कल्याण सिंह जी के दिवंगत पुत्र केशव के नाम पर रखने की घोषणा की। साथ ही मेयर ने कहा कि इस मार्ग पर मार्ग इंदिरा कालोनी के साथ साथ इंदिरा बंगाली कालोनी, पी ए सी,शान्ति बिहार के हजारों लोगों को आवागमन होता है। सड़क पर यातायात के भारी दबाव को देखते हुए इस मार्ग को अब साढ़े तीन मीटर की जगह सात मीटर चौड़ा कर दिया गया है। इससे लोगों को आवागमन में दिक्कत नहीं होगी। मेयर ने कहा कि उन्होंने जनता से जो भी वायदे किये थे उन्हें पूरा करने की पूरी कोशिश की गयी है। अधिकांश वायदे पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए उन्होंनें विकास कार्यों को पारदर्शिता से धरातल पर उतारने की पूरी कोशिश की है। आगे भी शहर के विकास के लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, ईश्वर मलिक, गणेश राय,राकेश सिंह, पार्षद अंबर सिंह, प्रमोद शर्मा, निमित शर्मा भुवन गुप्ता, राकेश सिंह, विनय विश्वास, आयुष तनेजा, सुशील चौहान, सुशील यादव, शैलेंद्र रावत, महेंद्र आर्य, नरेश राजपूत, परवेज खान, किरनपाल सिंह, अमित देवल, दीपक देवल, जतिन नागपाल, मोंटी खेड़ा, बंटी,अनिल गोयल, काशीनाथ हाजरा, सचिन सरकार, परितोष सरकार, नारायण पाल, किशोर मंडल, बाबू कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरी का किया भव्य स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। साहिब श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश गुरपुरब के उपलक्ष्य में चौथी प्रभातफेरी प्रात: पांच बजे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा से शुरू हुई। प्रभातफेरी नैनीताल रोड, शास्त्री कुंज, शिखावत गंज, श्री गुरु तेग बहादुर गली, गंगा कॉलोनी, तिकोनिया चौराहा होते हुए गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब, राजेन्द्र नगर पहुंची। धन गुरु नानक-धन गुरु नानक की गूंज ने माहौल को और भक्तिमय बना दिया। संगतों ने दुख भंजन तेरा नाम जी और ठाकुर गाइये आत्म रंग, सब ते वड्डा सतगुर नानक,जिन कल राखी मेरी आदि शबदों का गायन किया। संगत ने प्रभातफेरी पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। प्रभात फेरी में महिलाओं, बच्चे



बच्चीयों में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस क्रम में पांचवी प्रभातफेरी गुरुद्वारा गुरुनानकपूरा, नैनीताल रोड, हल्द्वानी जाएगी। प्रभातफेरी में रंजीत सिंघ सिंघ, हरविंदर सिंघ, फतेह सिंघ, हरप्रीत सिंघ, अवनीत सिंघ, कमलदीप सिंघ, दलजीत सिंघ, जसपाल सिंघ, अमरजीत सिंघ, दलजीत सिंघ, आदि ने सहयोग किया।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## आतंकवादियों से मुठभेड़

तमाम दावों, चौकसी और कड़ाई के बावजूद जम्मू-कश्मीर में आतंकी संगठनों पर शिकंजा कसना बड़ी चुनौती साबित हो रहा है। शायद ही कोई महीना गुजरता है, जब आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच संघर्ष नहीं होता। राजौरी में दहशतगर्दों से मुठभेड़ में दो अधिकारियों समेत पांच सुरक्षाबलों के मारे जाने और एक के गंभीर रूप से घायल हो जाने की घटना उसी की एक कड़ी है।सेना तलाशी अभियान में जुटी थी, तभी आतंकियों ने घात लगा कर हमला कर दिया। करीब हफ्ता भर पहले सुरक्षाबलों ने राजौरी इलाके में ही छह आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। पिछले डेढ़-दो वर्षों में इस इलाके में आतंकवादी घटनाएं बढ़ी हैं। इसी तरह की घटना दो महीने पहले भी हुई थी, जिसमें सेना और कश्मीर पुलिस के तीन अफसर तथा दो जवान शहीद हो गए थे। दहशतगर्दों के घात लगा कर हमले करने की छिटपुट घटनाएं तो होती ही रहती हैं। ऐसे सैन्य अभियानों पर हमले और उनमें जवानों तथा अफसरों के मारे जाने की घटनाएं नए सवाल खड़े करती हैं। जिस तरह आतंकी अत्याधुनिक हथियारों और सूचना तकनीक का इस्तेमाल करने लगे हैं, वे लगातार सुरक्षाबलों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखते हैं, उसमें उनसे पुराने तरीकों से निपटना निस्संदेह चुनौतीपूर्ण होगा।कश्मीर घाटी से आतंकवाद खत्म करने के इरादे से पिछले नौ सालों से सघन तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं। आतंकी संगठनों को वित्तीय मदद पहुंचाने वालों की पहचान कर जेलों में डाल देने के दावे किए जाते हैं। पाकिस्तान के साथ सड़क मार्ग से होने वाली तिजारत पर रोक लगने से माना जा रहा था कि सीमा पार से उन तक पहुंचने वाले हथियारों पर रोक लग गई है। अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली और सतत चौकसी के कारण घुसपैठ का सिलसिला काफी कम हो गया है। अलगाववादी संगठनों के बैंक खातों और उनके वित्तीय लेन-देन पर कड़ी नजर रखी जा रही है। नोटबंदी के बाद दावा किया गया था कि इससे दहशतगर्दों की कमर टूट जाएगी। मगर ये तामम दावे तब खोखले साबित हो जाते हैं, जब आतंकवादी अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। आए दिन मुठभेड़ में आतंकियों के मारे जाने के समाचार होते हैं, फिर भी उनकी सक्रियता में कहीं से अपेक्षित कमी नजर नहीं आ रही। वे अपनी रणनीति बदल कर कभी लक्षित हिंसा पर उतर आते हैं, तो कभी घात लगा कर सुरक्षाबलों के काफिले या उनकी छावनियों पर हमला कर देते हैं। कश्मीर घाटी में दहशतगर्दी को उकसाने के पीछे पाकिस्तान की कोशिशें छिपी नहीं हैं। मगर घाटी में उन्हें कौन पोस रहा है और क्यों उनकी गतिविधियों पर लगाम लगाना चुनौती बना हुआ है, इसका आकलन कर उसके अनुरूप कदम न उठाए जा सकने को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। स्पष्ट है कि बिना स्थानीय समर्थन के आतंकवादियों का घाटी में लंबे समय तक टिके रह पाना संभव नहीं है। अब तो यह भी स्पष्ट है कि आतंकी और अलगाववादी संगठनों के उकसावे पर बड़ी संख्या में कश्मीरी युवा हथियार उठाने लगे हैं। शैक्षणिक संस्थानों और दूसरे सरकारी महकमों में भी ऐसे लोगों की मौजूदगी लगातार पहचानी जा रही है, जो युवाओं को बरगलाने की कोशिश करते हैं। इन तथ्यों के मद्देनजर आतंकवाद से निपटने के लिए नए सिरे से रणनीति बनाने की जरूरत है। दहशतगर्दों का मनोबल तभी टूटेगा या कमजोर पड़ेगा, जब उन्हें स्थानीय लोगों का समर्थन मिलना बंद होगा। इसके लिए स्थानीय लोगों का भरोसा जीतना जरूरी है।

# सुरंग हादसे को लेकर सरकार पर उठाये सवाल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अम्बेडकर पार्क में इंकलाबी मजदूर केन्द्र व मजदूर सहयोग केन्द्र के वैनर तले सिडकुल की यूनियनों व सामाजिक संगठनों ने उत्तरकाशी जिले के सिलक्यारा क्षेत्र में सुरंग में 12 दिन से फंसे 41 मजदूरों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए के एक सभा का आयोजन किया गया। सभा में वक्ताओं में कहा कि उत्तरकाशी के सिल्कयारा क्षेत्र में घटित घटना कोई प्राकृतिक आपदा नहीं बल्कि मुनाफे पर आधारित इस व्यवस्था द्वारा जनित दुर्घटना है , जिसमें सुरंग बनाने वाली कार्यदायी संस्था द्वारा सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया और नतीजा 41 मजदूर पिछले 12 दिनों से सुरंग में फंसने के लिए मजबूर हुए हैं ।वक्ताओं ने कहा कि पहले से ही देश के भू - गर्भीय वैज्ञानिकों द्वारा बार-बार यह चेतावनी दी जाती रही की उत्तराखंड के पहाड़ समेत सारे हिमालय क्षेत्र के पहाड़ बहुत कच्चे पहाड़ है। इनमें बड़ी परियोजनाएं लगाना पुरी आबादी के लिए खतरा है, उसके बावजूद केंद्र सरकार और राज्य सरकार विकास के नाम परबड़ी-बड़ी परियोजनाओं को लगा रही हैं । इन परियोजनाओं के निर्माण में डायनामाइट वह बड़ी-बड़ी मशीनों से पहाड़ों को काटा जा रहा है और इससे पहाड़ काफी कमजोर होते जा रहे हैं । वक्ताओं ने यह



भी कहा की 2013 में केदारनाथ घाटी में जो आपदा आई थी उस आपदा की भयानकता इसलिए बढ़ गई क्योंकि इन्हीं परियोजनाओं में जो अनियमितताएं थी उसके चलते उस समय आपदा और ज्यादा भीषण हो गई थी । अभी हाल फिलहाल जोशीमठ का पूरा शहर पहाड़ में पड़ी दरारों के चलते अपना अस्तित्व खोने की ओर है, वहां पर पड़ी दरारों के द्वारा लोगों के मकान दुकान टूट चुके हैं लोग वहां से पलायन करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। वक्ताओं ने कहा की केंद्र व राज्य सरकार की मिली भगत से परियोजना बनाने वाली कंपनी सुरक्षा मानकों को धता बताकर निर्माण कर रही है । वक्ताओं ने एक स्वर में केंद्र व राज्य सरकार की निंदा की कि 12 दिन के बाद भी मजदूरों को सुरंग से नहीं निकाला जाना दुर्भाग्यपूर्ण है । वक्ताओं ने कहा कि पहाड़ों का दोहन कर मुनाफा कमाने वाली कम्पनियों को स्थानीय आबादी, काम करने वाले मजदूर व पर्यावरण की सुरक्षा से कोई लेना-देना नहीं है, इन कम्पनियों को सिर्फ अपने मुनाफे से मतलब है। केन्द्र सरकार व उत्तराखंड सरकार के मंत्रियों व अधिकारियों से इन कम्पनियों की सांठगांठ स्पष्ट है इसका उदाहरण है कि सुरंग बनाने वाली कार्यदायी संस्था के खिलाफ अभी तक कोई भी कानूनी कार्रवाई सरकार द्वारा नहीं की गई है । सभा में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भी पढ़ा गया । सभा में इंकलाबी मजदूर केन्द्र के सुरेंद्र , दिनेश, मजदूर सहयोग केंद्र से मुकुल, धीरज जोशी, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन से राजेश कुमार, भाकपा माले से ललित मटियाली, मजदूर अधिकार संर्घष अभियान से कैलाश, इन्टरार्क मजदूर संगठन किच्छा से हृदयेश कुमार , पान मोहम्मद , इन्टरार्क मजदूर संगठन पंतनगर नगर से वीरेंद्र पटेल, फिरोज खान , राजेश शर्मा, प्रभु दयाल, रिद्धि सिद्धि कर्मचारी संघ से धीरज, यजाकि वर्कर्स यूनियन से रविंद्र कुमार,धर्मेंद्र कुमार एडविक कर्मचारी संगठन से गिरजेश , विकल कुमार, आनन्द कुमार, आटोलाइन इंप्लाइज यूनियन से प्रकाश मेहरा, समाजसेवी व सी एन जी टैम्पो यूनियन के सुब्रत विश्वास आदि लोगों ने भागीदारी की।

## संदिग्ध मांस के साथ दो गिरफ्तार

किच्छा( उद संवाददाता)। पुलभट्टा पुलिस द्वारा पुलभट्टा के पास चैकिंग के दौरान अभियुक्त शबाब अली उर्फ शानू पुत्र जाकिर अली निवासी मोहल्ला शेरगढ़ बहेड़ी बरेली ,नाजिम पुत्र शमशाद निवासी वार्ड नंबर 18 सरकारी स्कूल के पास सिरौलीकला पुलभट्टा,अनवर उर्फ बबलू पुत्र हिदायत अली निवासी वार्ड नंबर 18 सिरौली कला पुलभट्टा द्वारा अवैध रूप से बिना अनुमति के जानवर काटकर स्कूटी संख्या वीआई 25डीएस 9948 में दो प्लास्टिक के कट्टों में 50-50 कुल एक कुंटल भैंस के मांस का परिवहन करनने पर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि भैंस का गोश्त अनवर उर्फ बबलू से लेकर आये थे। दोनों के खिलाफ कोतवाली में धारा 429 आईपीसी में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।



## आग लगने से मचा हड़कम्प

किच्छा( उद संवाददाता)। हल्द्वानी किच्छा रोड पर रेलवे स्टेशन के समीप कबाड़ की दुकान के बाहर रखे कबाड़ से भरे कट्टों में अचानक आग लग जाने से 8-10 कट्टे कबाड़ जलकर राख हो गया। आसपास की दुकान आग की चपेट में ना आ जाए इसलिए मौके पर तुरंत दमकल की गाड़ी को सूचना देकर बुलवाया गया जिसके द्वारा मौके पर आकर त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया गया किसी प्रकार का कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ। मौके से उप निरीक्षक द्वारा कबाड़ की दुकान के मालिक अखलाक को जरिये फोन सूचित कर किया गया।



# आप भी विश्राम लेंगे तो हम भी कर लेंगे आराम!

### कोश्यारी बोले : हरीश भाई मैंने तो विश्राम ले लिया है ,अब आप भी आराम करो
### धुर विरोधी पूर्व सीएम भगत दा और हरदा की मुलाकात से फिर गरमाई सियासत





देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के नेताओं की बयानबाजी और दावेदारी के लिए ताल ठोकने की सुर्खियों के बीच अब उत्तराखंड की सियासत के दो मंझे हुए सियासी धुर विरोधी रहे पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी और हरीश रावत की मुलाकात मीडिया की सुखियों में चर्चा का विषय बनी हुई है। सोशल मीडिया पर हरदा और भगतदा की मुलाकात पर चल रही चर्चाओं के दौर में जहां दोनो बुजुर्ग नेताओं को राजनीति से सन्यास लेने की सलाह दी जा रही है तो वहीं राजनीतिक जीवन में सत्ता की ऊंची बलुदियों तक पहुंचने वाले दोंनो नेताओं को एक बार फिर चुनावी मैदान में उतरने की भी मांग की जा रही है। बहरहाल जवानी से लेकर वृद्धावस्था की दहलीज पर कदम रखने से पहले तक एक-दूसरे के खिलाफ बयानी तलवारें खींचने वाले ये दोनों दिग्गज नेता कुछ अलग अंदाज मिले हों लेकिन उत्तराखंड की सियासत में दोनों नेता आज भी सक्रियता बनाये हुए है। पूर्व सीएम हरीश रावत का पिछले दिनों सड़क हादसे में चोटिल होने के बाद उपचार चल रहा है। उनकी कुशलछेम पूछने के लिए भाजपा के दिग्गज नेता भगतदा भी उनसे मिलने के लिए अस्पताल में पहुचे थे। इस दौरान राजनीति से दूर उनका यह अंदाज सम्मान और आदर भाव का था। पिछले लोकसभा चुनावों में दोंनो नेताओं ने नैनीताल ऊमसिंहनगर सीट से चुनाव लड़ा था जिसमें भाजपा और कांग्रेस आमने सामने थे और कांग्रेस को भारी मतों से धूल चटा दी थी। दोनों को जब भी अवसर मिला, उन्होंने बयान दागे और पलटवार करने से भी नहीं चूके। एक-दूसरे पर तंज कसने में दोनों नेताओं ने कभी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। लेकिन वृद्धावस्था के जिस दौर से दोनों दिग्गज गुजर रहे हैं, उसने उन्हें एक- दूसरे की चिंता और परवाह करने की राह दिखाई। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इन दो प्रमुख हस्तियों की मुलाकात की सुखद तस्वीर के अलग मायने हैं। अस्पताल में भर्ती हरीश की कुशलक्षेम जानने पहुंचे कोश्यारी यहां चुटकी लेने से नहीं चूके। हास-परिहास में बोले- मैंने तो विश्राम ले लिया है, अब आप भी आराम करो। रावत ने भी उसी सहज भाव में उत्तर दिया, मैंने भी आपको गुरु मान लिया है, आप विश्राम लेंगे तो हम भी आराम करेंगे। बात को आगे बढ़ाते हुए हरीश बोले, उत्तराखंड की राजनीति के तीन स्कूलों में एक एनडी तिवारी, दूसरा आपका (कोश्यारी) और तीसरा मेरा (हरीश) है। आपने अपने कई शिष्यों को खूब आगे बढ़ाया है। मैं भी खुद को उसी में गिनता हूं। बात एनडी की चली तो कोश्यारी बोले, तिवारी जी देश के बड़े नेता थे। उनके पार्टी ही नहीं विपक्ष में भी खूब मित्र थे। लेकिन हेमवती नंदन बहुगुणा, केसी पंत और आप (हरीश) से उन्होंने कभी मित्रभाव नहीं रखा। ऐसा क्यों था, यह कभी समझ नहीं आया। पूर्व सीएम एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल बीएस कोश्यारी ने सोशल मीडिया पर हरीश रावत से मुलाकाल करते हुए कुछ तस्वीरें साझा की है। उनहोंने बताया है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री हरीश रावत जी के स्वास्थ्य का हाल लेने मैक्स अस्पताल देहरादून जाना हुआ । मैंने हरीश भाई को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित की। इस दौरान नानकमत्ता से वरिष्ठ विधायक श्री गोपाल राणा जी उपस्थित थे ।

## पेड़ कटान के आरोपी अधिकारी-कर्मचारियों को चार्जशीट देने की तैयारी

देहरादून। चकराता वन प्रभाग की कनासर रेंज के जंगल में बड़े पैमाने पर काटे गए संरक्षित प्रजाति के देवदार और कैल के पेड़ों के मामले में संलिप्त पाए गए आरोपी अधिकारी-कर्मचारियों को चार्जशीट देने की तैयारी है। इस मामले में प्राथमिक जांच के बाद रेंजर, दो वन दरोगा और तीन वन रक्षकों को निलंबित किया गया था। साथ ही विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। इस मामले में पीसीसीएफ (हॉफ) के निर्देश पर मुख्य वन संरक्षक गढ़वाल नरेश कुमार की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय समिति जांच कर रही है। समिति को एक माह में अपनी रिपोर्ट देनी थी, लेकिन यह समय बीत चुका है। अभी तक जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट मुख्यालय को नहीं सौंपी है। प्रारंभिक जांच के बाद इस मामले में वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र सिंह गुसाईं, वन दरोगा प्रमोद कुमार, आशीष चंद्र, वन रक्षक मदन सिंह, शिवम गौतम और भगत सिंह राणा को भी निलंबित कर दिया गया था, जबकि डीएफओ कल्याणी को वहां से हटाते हुए मुख्यालय अटैच कर दिया था। वन विभाग के सूत्रों की मानें तो अब इन अधिकारी-कर्मचारियों को चार्जशीट देने की तैयारी है। शासन स्तर पर भी इस मामले में शीघ्र कार्रवाई किए जाने को लेकर दबाव है। ऐसे में माना जा रहा कि इसी सप्ताह यह कार्रवाई पूरी की जा सकती है। उत्तरकाशी जिले के पुरोला टौंस वन प्रभाग में काटे गए हरे पेड़ों के मामले में डीएफओ सुबोध काला, प्रभारी एसडीओ विजय सैनी, रेंजर रामकृष्ण कुकसाल सहित 17 अधिकारी-कर्मचारियों पर निलंबन की गाज गिर चुकी है, लेकिन इस मामले में भी अभी विस्तृत जांच रिपोर्ट बाहर नहीं आई है। टौंस वन प्रभाग में वन विकास निगम को जारी लॉट में 788 छपान वाले पेड़ों के सापेक्ष 108 अतिरिक्त देवरदार के हरे पेड़ काट दिए गए थे।

## आतंकी हमले में नैनीताल का जवान दीवान सिंह बिष्ट शहीद

नैनीताल। जम्मू के राजोरी में बुधवार की सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में घायल नैनीताल जिले के हली गांव निवासी और वर्तमान में रातीघाट निवासी संजय बिष्ट (28) पुत्र दीवान सिंह बिष्ट शहीद हो गए। जवान बेटे के शहीद होने की खबर लगते ही परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सैन्य अधिकारियों की ओर से परिजनों को हादसे की सूचना दी गई। संजय को भारतीय सेना में 12 साल हो गए थे। संजय के पिता दीवान सिंह बिष्ट रातीघाट में दुकान चलाने के साथ पोस्ट ऑफिस में भी काम करते हैं।संजय अपने पीछे मां-बाप, बड़े भाई को रोता हुआ छोड़ गए है। संजय के शहीद होने की खबर के बाद रातीघाट बाजार और आसपास के क्षेत्र के लोगों में गमगीन माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार, शहीद का शव शुक्रवार तक पहुंचने की उम्मीद है।

# किच्छा चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू

किच्छा(उद संवाददाता)। चीनी मिल किच्छा के वर्तमान पेराई सत्र के शुभारंभ के क्रम में आज सर्वप्रथम पूर्व विधायक राजेश शुक्ला व अधिशासी अधिकारी त्रिलोक सिंह मार्तोलिया ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चना कर बॉयलर में आग डालकर शुभारम्भ





किया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि पेराई सत्र के शुभारंभ में सर्वप्रथम बॉयलर पूजा की जाती है जो आज विधिवत पूजा अर्चना के साथ ही पूर्ण कर ली गई। कहा कि प्रदेश की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने किच्छा चीनी मिल की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए 20 करोड़ रूपए की धनराशि से किच्छा चीनी मिल में आधुनिकीकरण के क्रम में दो नए ब्वॉयलरों की स्थापना एवं तीन सेंट्रीफ्यूल मशीन की स्थापना के साथ ही अन्य विभिन्न कार्य किया गया हैं जिससे बिना किसी अवरोध के मिल का संचालन एवं उत्पादन में वृद्धि होगी। मिल का मेंटिनेंस निर्धारित समय पर पूर्ण कर लिया गया हैं। किच्छा की मिल सबसे पुरानी चीनी मिल है तथा इस क्षेत्र की जीवन रेखा हैं। प्रदेश गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा की कुशल रणनीति से सरकार ने गन्ना किसानो का शत प्रतिशत भुगतान पहले ही कर दिया हैं। आज क्षेत्र के किसान व पार्टी कार्यकर्ताओ ने उत्साह के साथ ब्यॉलर पूजन में भाग लिया हैं। अधिशासी अधिकारी त्रिलोक सिंह मार्तोलिया ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पेराई सत्र से पूर्व आज विधिवत पूजन के साथ बॉयलर में आग दी गई है यह पेराई सत्र के शुभारंभ की पहली प्रक्रिया हैं जो पूर्ण कर ली गई है। सभी ने वर्तमान पेराई सत्र को निर्विघ्न सम्पन्न करने की भगवान से प्रार्थना की। कार्यक्रम में चीफ केमिस्ट एस के मिश्रा, वरिष्ठ किसान नेता डी एन मिश्रा, सुधीर शाही, अमरजीत चौधरी, प्रताप सिंह, मनमोहन सक्सेना, गणेश उपाध्याय, मानवेंद्र सिंह, बाबू सिंह,महेंद्र पाल,राकेश गुप्ता, सुरेंद्र चौधरी, सभासद संदीप अरोड़ा, नितिन चरन, कुलदीप बग्गा,चन्दन जयसवाल, गोल्डी गौराया,मूलचंद राठौर,सचिन चरन, मयंक तिवारी, रविकांत वर्मा, देवेंद्र शर्मा, संजय सिंह, संजय सिंह, पूरन भट, बिजेंद्र यादव, विनोद कोहली, मुकेश कोहली, राजेश कोहली, रमन कोहली, धीरज सिंह, नंदलाल यादव, कृष्ण कान्हा तिवारी, अखिलेश यादव, रितिक कश्यप, अरुन कुमार, विवेक, समेत समस्त कर्मचारी, मजदूर व किसान उपस्थित थे।

# नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म के आरोपी छात्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। छात्रा के गर्भवती होने पर मामला खुला। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। दूसरे दिन पुलिस आरोपी तक पहुंचने में कामयाब रही। पुलिस के मुताबिक भेटोली, अयारपानी निवासी स्नातक छात्र अभिषेक कुमार ने हवालबाग निवासी एक नाबालिग छात्रा से सोशल



मीडिया पर दोस्ती बढ़ाई। आरोप है कि उसने बहलाकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया और वह गर्भवती हो गई। बीते मंगलवार को नाबालिग को पेट दर्द होने पर परिजन उसे महिला अस्पताल ले गए तो मामले का पता चला। दादा ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी की खोजबीन शुरू की। देर शाम पुलिस ने आरोपी को नगर के चौघानपाटा से गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी रामचंद्र राजगुरु ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है। टीम में महिला एसआई हेमा कार्की, कांस्टेबल खुशाल सिंह शामिल रहे।

# गुरिल्लों की मांगों पर शीघ्र कार्यवाही की मांग

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। यहां देहरादून से लौटकर एस एस बी स्वयं सेवक कल्याण समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष ब्रह्मानन्द डालाकोटी ने बताया कि उनके द्वारा विगत दिवस दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा,अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी तथा मुख्यमंत्री कार्यालय में अनेक अधिकारियों से मुलाकात कर 9 अगस्त को हुए समझौते के अनुसार मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में शीघ्र बैठक बुलाकर गुरिल्लों की मांगों पर शीघ्र कार्यवाही की मांग की। उन्होंने विज्ञप्ति में बताया कि 26नवंबर को टनकपुर पुर अपने चुनाव क्षेत्र में मुख्यमंत्री के आने की संभावना के चलते टनकपुर के गुरिल्लों द्वारा टनकपुर स्थित कैंप कार्यालय में मुख्यमंत्री से मुलाकात के लिए समय की मांग की है। 20नवंबर को टनकपुर में हुई गुरिल्लों की एक बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि यदि उत्तराखंड शासन ने अपने वायदे के अनुसार एक सप्ताह के भीतर कार्यवाही नहीं की तो दिसंबर प्रथम सप्ताह में गुरिल्ला आंदोलन का केंद्र मुख्यमंत्री का चुनाव क्षेत्र चंपावत जनपद होगा जिसमें प्रथम दिन चंपावत में गोलज्यू मंदिर में पूजा अर्चना अर्चना के बाद मुख्यमंत्री के कैम्प कार्यालय चंपावत स्थित कैम्प कार्यालय तक कूंच किया जायेगा जिसकी तिथि 26नवंबर को टनकपुर में मुख्यमंत्री के दौरे के बाद घोषित की जायेगी और अन्य कार्यक्रम घोषित किए जायेंगे। देहरादून में उनके साथ संगठन के देहरादून के प्रतिनिधि बलबीर सिंह, पौड़ी के मनोज भट्ट, टिहरी के बीरेंद्र रावत आदि मुलाकात कार्यक्रमों में साथ रहे।



# विकसित भारत संकल्प यात्रा गांवों के लिए रवाना

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। विकसित भारत संकल्प यात्रा को कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य, नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, जिलाधिकारी विनीत तोमर ने विकास भवन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के वाहन को फूल मालाओं से सजाया गया तथा ढोल नगाड़ों के साथ इस यात्रा हेतु प्राप्त हुए वाहन को ग्राम पंचायतों में अंतिम छोर पर खड़े नागरिकों को केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण 17 योजनाओं से लाभान्वित किए जाने हेतु रवाना किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों एवं गारंटियों को पूर्ण करने के उद्देश्य से जनपद अल्मोड़ा के सभी क्षेत्रों में लोगों को लाभान्वित किए जाने के उद्देश्य से इस यात्रा को रवाना किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार हमेशा गरीबों एवं वंचितों के हितार्थ निरंतर कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक राज्य को देश के अग्रणी राज्यों में लाने एवं 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में यह



महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सशक्त बनाते हुए यह यात्रा भी इसी कड़ी का हिस्सा हैजिलाधिकारी विनीत तोमर ने कहा कि इस यात्रा हेतु सभी ब्लॉकों के लिए रोस्टर तैयार किया गया है तथा ग्राम पंचायत स्तर पर समितियों का गठन भी किया गया है। जिसका कार्य पात्र लोगों को चिन्हित कर केंद्र सरकार की प्रमुख 17 योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करना है। इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि रौतेला, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे, जिला विकास अधिकारी एसके पंत समेत अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

## पेज एक का शेष...

**सीबीजी प्लांट में ...**पर कचरे की रिसाईकिलिंग कर सीएनजी गैस तैयार की जाती है। सुनील जब गाड़ी खाली कर रहा था तभी वह वहां फैल रहे विद्युत करेंट की चपेट में आकर झुलस गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गये जहां उसे चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर रम्पुरा चौकी प्रभारी केसी आर्या ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से मृतक के परिवारजनों में कोहराम मचा है। मृतक तीन भाईयों में सबसे बड़ा था। उसके दो बच्चे हैं। घटना के बाद परिवारजनों समेत तमाम लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गये। उन्होंने ठेकेदार पर लापरवाही और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। इस दौरान ठेकेदार को भी लोगों ने घेर कर पकड़ लिया। बाद में पुलिस ने उसे छुड़ाया। गुस्साए लोगों ने ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और मृतक परिवार से एक व्यक्ति को स्थाई नौकरी देने की मांग की। मृतक के भाई अजय ने बताया कि घटना की सूचना उन्हें एक घंटे बाद दी गयी। लोगों का कहना था कि ठेकेदार मृतक का उत्पीड़न करता था और रोजाना गीला कूड़ा नहीं लाने पर काम से निकालने की धमकी देता था। इसके अलावा उसने सुरक्षा के लिए जरूरी व्यवस्थाएं और साधन भी उपलब्ध नहीं कराये थे। सूचना पर भाजपा कांग्रेस के कई नेता भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गये। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने मामले को लेकर नगर निगम के मुख्य नगर आयुक्त से बात की और कहा कि मृतक के दो छोटे छोटे बच्चे हैं जिससे उसके परिवार के सामने भरण पोषण की समस्या खड़ी हो गयी है। उन्होंने एमनएनए से मृतक की पत्नी को नगर निगम में नौकरी देने की मांग की। बाद में विधायक शिव अरोरा और भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने भी दक्षिण मंडल के अध्यक्ष धर्म सिंह कोली के साथ परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और नगर आयुक्त से उचित कार्रवाई करने को कहा। प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि सरकार पूरी तरह से पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है जो भी दोषी है उन्हें बख्शा नहीं जाएगा जिस प्लांट में दुर्घटना हुई है उसकी भी जांच कराई जाएगी किस वजह से हादसा हुआ और वहां पर क्या सुरक्षा के मांगों का पालन हो रहा है नहीं हो रहा इसकी भी जांच कराई जाएगी। साथ ही जो वहां कर्मचारी काम कर रहे हैं उन्हें पूर्ण वेतन मिले इसका भी प्रयास करेंगे और उन्होंने नगर आयुक्त नरेश दुर्ग पाल से कहा कि उचित कार्रवाई करते हुए परिवार को न्याय दिलवाएं साथी मृतक की पत्नी को उसके समक्ष नौकरी दिलवाने के लिए भी कहा विदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि कर्मचारी हमारे परिवार है हम इनका शोषण नहीं होने देंगे परिवार को पूर्णता न्याय मिलेगा। इस दौरान मेयर रामपाल, पार्षद प्रमोद शर्मा, पार्षद भुवन गुप्ता, महामंत्री सुनील ठुकराल आदि लोग उपस्थित थे।

**सुरंग से मजदूरों को निकालने...**हमें दो चीजों पर काम करना था। सबसे पहले, हमें मशीन के प्लेटफॉर्म का पुनर्गठन कर दिया और इसके बाद पाइप पर जो थोड़ा दबाव था उसे काटने का काम चल रहा है। ये पूरा हो जाने के बाद हमने ऑगर ड्रिलिंग की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पार्सन्स कंपनी ने ग्राउंड पेनेट्रेशन रडार से जो अध्ययन किया है उसे हमें पता चला कि अगले 5 मीटर तक कोई धातु अवरोध नहीं है। इस हिसाब से अगर ड्रिल मशीन ठीक चली तो पाइप सुरंग में फंसे मजदूरों के बेहद करीब पहुंच जाएगा। आज रात तक उनके बाहर आने की उम्मीद है। ऑगर मशीन से ड्रिलिंग पूरी होने के बाद एसडीआरएफ 41 मजदूरों को बाहर निकालेगी। एजेंसी ने इसको लेकर ड्रील की। टायर लगे स्ट्रेचर से एक सिविलियन को बाहर निकालने की मॉक ड्रील सफल रही। पीएमओ के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे ने कहा कि हमें उम्मीद है कि आज शाम तक मजदूरों को बाहर निकाल लिया जाएगा। वहीं सुरंग में फंसे मजदूरों को आज नाश्ते में दूध, ब्रेड और चने दिए गए। इससे पहले बृहस्पतिवार को नाश्ते में उपमा तथा लंच में दाल-भात खाया। एक विशेष टीम ने उन तक यह सब पहुंचाया। यह टीम सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों के साथ ही बचाव कार्य में लगे लोगों के भी खाने-पीने का भी ध्यान रखती है।

**शिव की डेडलाईन तो....**करने से संबंधित है ,फिर भी मेन स्ट्रीम मीडिया एवं सोशल मीडिया में यह बात जोर-जोर से प्रसारित की जा रही है कि 30 नवंबर तक उत्तराखंड की सभी प्रमुख सड़कों को गड्ढा मुक्त बना दिया जाएगा। देखा जाए तो सूबे के मुख्यमंत्री का राज्य की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का उपरोक्त निर्देश भी ठीक वैसा ही पेंचदार है ,जैसे की रुद्रपुर विधायक की 31 अक्टूबर तक रुद्रपुर शहर की सड़कों को गड्ढा मुक्त कर देने का दावा पेंचदार था। क्योंकि रुद्रपुर विधायक द्वारा शहर की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की डेडलाइन तय करते समय यह स्पष्ट नहीं किया गया था कि शहर के किस क्षेत्र की सड़क निर्धारित की गई डेडलाइन तक गड्ढा मुक्त बना दी जाएगी। यही वजह है कि रुद्रपुर महानगर की तमाम सड़कें जानलेवा गड्ढों से आज भी भरी पड़ी है। साफ शब्दों में कहें तो सूबे के मुखिया द्वारा जारी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के आदेश का अनुपालन समूचे उत्तराखंड में हो पाने के असर तो कम ही है क्योंकि मुख्यमंत्री के इस निर्देश में पेंच ही पेंच नजर आते है।

**पाल परिवार को एक और ...**के निधन के गम से परिवार उबर भी नही पाया था परिवार अब इस खबर से परिवार व नगर में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन का समाचार मिलने पर विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग उनके आवास पहुंचे और महेश पाल के निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया।

**चाकू की नोक पर ...**रहा था। लाहोरिया शोरूम के पास स्पलैंडर प्लस बाइक सवार दो युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया और गर्दन पर चाकू रखकर आईफोन 11 और जेब में रखे 12 हजार 800 रूपये छीनकर बाइक से फरार हो गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

# दुर्घटना में बाल बाल बची कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या

## पांच गाड़ियां आपस में टकराई

भवाली (उद संवाददाता)। हल्द्वानी से सोमेश्वर जा रहीं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या की फ्लीट के आगे अचानक जानवर आ गया। अचानक ब्रेक लगाने से पांच गाड़ियां आपस में टकरा गईं जिससे दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में नगर निगम का चालक चोटिल हो गया। तेज ब्रेक लगने पर मंत्री को भी झटका लगा। हालांकि बड़ा हादसा होने से बच गया। इसके बाद फ्लीट की दो गाड़ियां वापस भेज दी गईं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, हल्द्वानी से सुबह करीब 9 बजे कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या का काफिला सोमेश्वर के लिए रवाना हुआ था। काफिले में सबसे आगे डायल 112 की गाड़ी चल रही थीं। उसके पीछे नगर निगम की गाड़ी, फिर कैबिनेट मंत्री का लगेज वाहन था। खैरना से गरमपानी के बीच डायल 112 के सामने अचानक लावारिस पशु आ गया। चालक ने ब्रेक लगाए तो ठीक पीछे चल रही नगर निगम की गाड़ी 112 से टकरा गई। साथ ही काफिले में चल रहीं पांचों गाड़ियां एक-दूसरे से टकराती चली गईं। सूत्रों के मुताबिक निगम व लगेज वाहनों में नुकसान हुआ है जिसके बाद उन्हें वापस भेज दिया गया। वहीं बाकी काफिले के साथ कैबिनेट मंत्री को रवाना किया गया। दो दिन पहले भी काशीपुर से नैनीताल आते समय कैबिनेट मंत्री के काफिले की एक गाड़ी पलट गई थी।

# क्षेत्र से महिला और युवती हुई लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली थाना क्षेत्र से बेहद संदिग्ध परिस्थिति में एक महिला और एक युवती के लापता होने की सूचना है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब महिला तथा युवती का पता लगाना शुरू कर दिया। पहली घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकरौ मोहल्ला महेशपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी 22 वर्षीया पुत्री बीते 19 नवंबर से परिजनों को बगैर बताएं घर से लापता है। इसी तरह एक अन्य मामले में कुंडेश्वरी चौकी क्षेत्र निवासी 23 नवंबर को अचानक लापता हो गई।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
गुरू माँ
Galaxy
Tab S9 Series
samsung.com
Own now at ₹ 60999*
Up to ₹ 12000
HDFC Bank Cashback
Samsung upgrade
bonus of ₹ 3000*
No cost EMI Up to 24 months#*
HDFC BANK
Secured by Knox
Galaxy Z Flip5
Own now at ₹ 3379/month*
Galaxy S23 FE
Galaxy Z Fold5
Own now at ₹ 5237/month*
Own at
₹ 67 per day*
SAMSUNG SMART PLAZA
Guru Maa Enterprises
No D1 & D2, opposite Guru Maa Dental Clinic,
Civil Lines, Rudrapur, Uttarakhand 263153 Contact: 070390 02656
Cheema Chauraha, Ramnagar Rd, opp. HDFC Bank,
Kashipur, Uttarakhand 244713 Contact: 070390 02648
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI
OPTION AVAILABLE
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338 उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन